Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 02 | शुक्रवार, 02 जनवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## केकेआर से बांग्लादेशी खिलाड़ी हटाने की मांग

# शाहरुख खान के खिलाफ धर्मगुरुओं ने खोला मोर्चा, एक्टर को कहा- गद्दार





**नई दिल्ली।**

केकेआर टीम में बांग्लादेशी खिलाड़ियों को शामिल किए जाने को लेकर टीम के मालिक शाह रुख खान के खिलाफ विरोध बढ़ता जा रहा है। पूर्व भाजपा विधायक संगीत सोम के आक्रोश जताने के एक दिन बाद गुरुवार को धर्मगुरुओं और कथावाचकों ने भी मोर्चा खोल दिया है।

सोम ने बुधवार को टीम के मालिक व बॉलीवुड अभिनेता शाह रुख खान को गद्दार कहा था। गुरुवार को नागपुर में आध्यात्मिक गुरु जगतगुरु रामभद्राचार्य ने आइपीएल 2026 के लिए बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम में शामिल करने के लिए शाह रुख की कड़ी आलोचना की। संत ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शाह रुख का रवैया हमेशा से एक "देशद्रोही" जैसा रहा है। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे हमलों की निंदा की और जोर देकर कहा कि भारतीय सरकार को ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करनाचाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोगों और उनकी सरकार को यह समझाया जाना चाहिए कि उनका देश हिंदुओं की मदद से ही बना था। उधर मुंबई में श्रीमद्भागवत कथा कह रहे कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर का कहना है कि पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हिंसक व्यवहार किया जा रहा है। ऐसे में बांग्लादेशी खिलाड़ी को टीम में शामिल करना गलत संदेश देता है। उन्होंने शाह रुख को संबोधित करते हुए कहा कि यह मत भूलना इन्हीं भारतीयों ने तुम्हें हीरो बनाया है। जो हीरो बना सकता है, वह जीरो भी बना सकता है। अलीगढ़ के शाही चीफ मौलाना चौधरी इफराहीम हुसैन ने कहा कि केकेआर की टीम में बांग्लादेशी खिलाड़ी को शामिल करने के निर्णय से इंसानियत शर्मसार हुई है। कोई भी व्यावसायिक या खेल संबंधी सौदा नैतिक कसौटी पर परखा जाना चाहिए। संवेदनशील दौर में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को नौ करोड़ रुपये में खरीदे जाने की खबर ने देशभर में आक्रोश पैदा किया है। जब एक ओर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हों ऐसे समय में इस तरह का सौदा नैतिक रूप से गलत संदेश देता है। यह निर्णय देशहित की भावना के विपरीत है। महाराष्ट्र अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान ने कहा कि मेरा शाहरुख खान से आग्रह है कि अगर हमारे देश के लोग बांग्लादेश में अन्याय का सामना कर रहे हैं, तो हमें उनके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए ताकि एक संदेश दिया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि वे इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाएंगे।

## इस दिन टेलिकास्ट होगा संस्करण

# पीएम मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम के लिए तीन करोड़ रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वार्षिक परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण में शामिल होने के लिए तीन करोड़ लोगों ने पंजीकरण कराया है। इसमें छात्र, शिक्षक और अभिभावक हिस्सा ले सकते हैं।

शिक्षा मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक प्रतिभागियों के चयन के लिए एक दिसंबर से 11 जनवरी के बीच माईगव पोर्टल पर बहुविकल्पीय प्रश्नों से संबंधित आनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में छठवीं से 12वीं तक के छात्र, शिक्षक और माता-पिता इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक इस महीने के अंत में आयोजित की जानेवाले इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन करोड़ से ज्यादा पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आठवां संस्करण पिछले साल 10 फरवरी को टेलिकास्ट किया गया था। वातार्लाप को राष्ट्रीय राजधानी के सुंदर नर्सरी में एक नवोन्मेषी नए प्रारूप में आयोजित किया गया था, जिसमें अलग-अलग प्रांतों से केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, सैनिक स्कूलों, एकलव्य माडल आवासीय स्कूलों और सीबीएसई स्कूलों के कुल 36 छात्रों ने हिस्सा लिया था। संस्करण में सात अलग-अलग विषयों, खेल, मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, तकनीक, वित्त, रचनात्मकता और सकारात्मकता से जुड़े पहलुओं को लिए एपिसोड भी तैयार किए गए थे, जिसमें चर्चित हस्तियों के विचार भी शामिल थे।

## 'वसुधैव कुटुंबकम' के हिमायती समाज में पारिवारिक विवाद विडंबनापूर्ण, हाई कोर्ट ने खारिज कर दी याचिका



**मुंबई।** बांबे हाई कोर्ट ने समाज की इस विडंबना पर दुख जताया है जो दुनियाभर में "वसुधैव कुटुंबकम" की हिमायत करता है और उसके अपने ही घरों में विरासत को लेकर झगड़े होते हैं।

संपत्ति के अंतहीन विवादों को प्राचीन मूल्यों और आधुनिक वास्तविकता के बीच जुड़ाव की कमी का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कोर्ट ने उम्मीद जताई कि समाज के व्यापक हित में कटु व लंबे समय तक चलने वाले पारिवारिक मुकदमों में कमी आएगी। जिसमें उसने अपनी दिवंगत मां की वसीयत के संबंध में लेटर ऑफ एड मिनिस्ट्रेशन (संपत्ति के प्रबंधन का अधिकार पत्र) जारी करने की मांग की थी, जिसमें उपनगरीय बांद्रा में परिवार की संपत्ति उसे और उसके दो भाइयों को दी गई थी।

# इंदौर में नहीं थम रहा दूषित पानी से मौत का सिलसिला, एक की और जान गई



**इंदौर।**

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को कुलकर्णी नगर निवासी 43 वर्षीय अरविंद लिखार की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही दूषित पानी से मरने वालों की संख्या 14 पहुंच गई है। अरविंद भागीरथपुरा में मजदूरी करते थे। बता दें कि गत मंगलवार को आठ लोगों की जान चली गई थी। अब तक करीब 2800 मरीज सामने आए हैं। इनमें से 201 का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। 32 मरीज आइसीयू में भर्ती हैं। शहर के भागीरथपुरा से लिए गए पानी के सैंपलों की जांच रिपोर्ट गुरुवार को सामने आ गई। एमजीएम मेडिकल कॉलेज और नगर निगम की लैब, दोनों ने पुष्टि की है कि रहवासी नर्मदा जल समझकर जो पानी पी रहे थे, उसमें ड्रेनेज मिला हुआ था। पानी में खतरनाक बैक्टीरिया पाए गए हैं जो इस्तेमाल के लायक भी नहीं था। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को चार मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि के चेक सौंपे। इस दौरान रहवासियों ने नाराजगी जताई और कहा कि शासन वास्तविक मौतों से कम आंकड़ा मान रहा है। विजयवर्गीय ने स्वीकार किया कि वास्तविक संख्या अधिक हो सकती है और डायरिया से हुई मौतों की जांच कर सहायता दी जाएगी।

# भारत-पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया



**नई दिल्ली।** तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के बावजूद भारत और पाकिस्तान ने नए साल के पहले दिन परमाणु प्रतिष्ठानों एवं सुविधाओं की सूची का वार्षिक आदान-प्रदान किया है। यह आदान-प्रदान राजनयिक चैनलों के माध्यम से नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ हुआ। विदेश मंत्रालय (टएअ) ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है।

> दोनों देशों ने 1988 के समझौते के तहत सूचियां साझा कीं

विदेश मंत्रालय के अनुसार, ॒भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक माध्यम से नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची का आदान-प्रदान किया, जो परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले की निषेध संबंधी समझौते के दायरे में आती हैं। यह आदान-प्रदान 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित और 27 जनवरी 1991 से लागू समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। समझौते के अनुसार, दोनों देशों को हर साल 1 जनवरी को एक-दूसरे को इन सुविधाओं की जानकारी देनी अनिवार्य है। यह लगातार 35वीं बार हुआ है, पहला आदान-प्रदान 1 जनवरी 1992 को किया गया था। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने भी पुष्टि की कि दोनों देशों ने 1988 के समझौते के तहत सूचियां साझा कीं।

## राजनाथ सिंह ने सुदर्शन चक्र पर दिया बड़ा अपडेट

# ऑपरेशन सिंदूर में डीआरडीओ के हथियारों का जलवा



**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन के पेशेवर तरीके एवं प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि सुदर्शन चक्र के निर्माण में डीआरडीओ की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन इस लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करेगा। डीआरडीओ के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में राजनाथ ने कहा, "डीआरडीओ टीम ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीकों और प्लेटफार्मों से लैस करके भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत किया है।" उन्होंने कहा कि स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को पूरा करता है। उन्होंने विज्ञानियों के प्रयासों की सराहना की और उनकी अटूट प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक उत्कृष्टता और राष्ट्रीय कर्तव्य की गहरी भावना की प्रशंसा की। गौरतलब है कि मिशन सुदर्शन चक्र की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 में लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में की थी। बहरहाल, राजनाथ ने कहा, "इस पहल के तहत, डीआरडीओ अगले दशक में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है। आपरेशन सिंदूर के दौरान हमने आधुनिक युद्ध में वायु रक्षा के महत्व को देखा।

# टीटीडी को श्रद्धालुओं ने दान की 78 लाख रुपये की दवाइयां



**तिरुपति।**

हैदराबाद के श्रद्धालुओं ने गुरुवार को तिरुमला तिरुपति देवस्थानम को 78 लाख रुपये मूल्य की दवाइयां दान कीं। यह दवाइयां टीटीडी द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में उपयोग की जाएंगी। श्रद्धालु चक्रधर और शिवरंजनी ने ये दवाइयां टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायडू को तिरुपति में सौंपीं। टीटीडी प्रशासन के अनुसार, दान में मिली दवाइयों का उपयोग टीटीडी के अस्पतालों में आने वाले तीर्थयात्रियों और मरीजों के इलाज में किया जाएगा, जिससे चिकित्सा सेवाओं को और सुध्ढ़ किया जा सकेगा।तिरुमला तिरुपति देवस्थानम, तिरुपति स्थित भगवान श्री वेंकटेश्वर मंदिर का आधिकारिक प्रबंधन करता है। यह मंदिर विश्व के सबसे समृद्ध हिन्दू धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है।

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का कहर जारी



**नई दिल्ली।**

नया साल 2026 उत्तर भारत के लिए कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ शुरू हुआ है। भारतीय मौसम विज्ञान विभागने आज, 2 जनवरी को दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में घने से अति घना कोहराछाए रहने की चेतावनी जारी की है, जिससे दृश्यता 50 मीटर तक गिर सकती है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी जारी है, जबकि पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7-9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। आज सुबह घने कोहरे के कारण उड़ानों और ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ सकता है। शहर में शीतलहरकी स्थिति 5 जनवरी तक बनी रहने की संभावना है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में 2 जनवरी को घने कोहरे का 'येलो अलर्ट' है। बिहार के गया और यूपी के कई जिलों में सुबह दृश्यता काफी कम रहने की संभावना है। मध्य प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में 2 और 3 जनवरी को छिटपुट इलाकों में घना कोहरा देखा जा सकता है।

## संपादक की कलम से

# हिमाचली उत्पादों की टोकरी


ललित शर्मा
संपादक

पारंपरिक कौशल को नए मुकाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिमला में होने जा रहा एमएसएमई फेस्ट, काफी उत्साहित और उम्मीदों भरी जिज्ञासा पैदा कर रहा है। थीम में एक जिला, एक उत्पाद की टोकरी में धरती की अमानत, परंपराओं की थाली और स्वावलंबन की उद्यमशीलता दिखाई देती है। मसलन चंबा रूमाल, कांगड़ा चित्रकला, पारंपरिक कुल्लू शॉल के अलावा नए हिमाचल की पहचान में कृषि उत्पाद प्रसंस्करण, आंवला प्रसंस्करण, स्टील फर्नीचर, पैकेजिंग, मशरूम, पर्यटन का तकनीकी उन्नयन, सीबकथार्न, चुल्ली तेल व कांगड़ा चाय अपनी खूबियों के साथ ई कॉमर्स और देश की मांग में व्यापारिक संबंधों की खेप बन पाएगा। उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए घरेलू, लघु व मध्यम उद्योगों को जाहिर तौर पर इससे प्रेरणा मिलेगी। हिमाचल के उत्पाद, बाजार और नए अंदाज को समझ लें, तो गांव की मिट्टी, नवाचार, स्वरोजगार की दरकार, स्टार्टअप की क्षमता और उद्योगों की विविधता सामने आएगी। मसलन ऊना का कत्था उद्योग का नाता पारंपरिक धंधे के अलावा ग्रामीण आर्थिकी व वन उत्पादों का एक संबल है। दियोटसिद्ध मंदिर के प्रसाद के रूप में बिकने वाला रोट अपनी खासियत और संभावना के साथ एक ऐसा व्यापारिक उत्पाद है, जो प्रदेश की अनूठी विरासत को भविष्य दिखा सकता है। इसी तरह ज्वालामुखी के पेड़े और धूप जैसे उत्पाद बाजार में अलग कतार बना लेते हैं। चंबा की चप्पल और चुख पर मेहनत की जाए, तो व्यापारिक करवटें बदल जाएंगी। इसी तरह हिमाचल के पारंपरिक आभूषणों की बनावट, सजावट तथा लागत को व्यापार के रास्ते उन्नत किया जाए, तो हर जिला से निकलेगा उत्पादों का खजाना। आभूषणों के कुछ बड़े ब्रांड हिमाचल के पारंपरिक गहनों को व्यापारिक रंगत में सजा सकते हैं, तो उद्योग विभाग के दखल से पारंपरिक बाजारों को इनकी नई क्षमता में पेश किया जा सकता है। खुशी की बात यह कि सरकार हर तरह के उत्पादों को संगठित करके बाजार को आवाज दे रही है। इस अभियान का नेतृत्व भले ही उद्योग विभाग कर रहा है, लेकिन ग्रामीण विकास, शहरी विकास तथा कबाइली विकास जैसे विभागों को इनके मूल स्रोतों को जिंदा रखना होगा। हिमाचल के पारंपरिक खान–पान में ही व्यापारिक ऊर्जा नहीं, बल्कि कुछ नुस्खों में शारीरिक हिफाजत के उत्पाद सामने आ सकते हैं। भले ही आगामी तीन से पांच जनवरी तक रिज पर कितने ही उत्पाद अपने–अपने जिला के लिए नाम कमाएंगे, लेकिन कवायद को असली संरक्षण व प्रचार प्रदान करना होगा। वस्तुएं दिखाई जा सकती हैं, लेकिन निर्माण पद्धति की सदियों को बचाने के लिए शिक्षा में इनके प्रति सरोकार चाहिएं। आज की तारीख में पूरा भरमौर नीचे उतर कर कांगड़ा पहुंच गया, किन्नौर ने सोलन–चंडीगढ़ में आशियाना खोज लिया, पांगी–लाहुल ने कुल्लू–मनाली की बहारों में धंधे आजमा लिए, तो पारंपरिक या जिला के उत्पादों को बढ़ावा देने की नीति और वकालत चाहिए। ऐसे सामुदायिक स्कूल व कालेज चाहिए जहां परिवेश के हर उत्पाद की रक्षा हो। उदाहरण के लिए नगरोटा सूरियां के कालेज को स्टेट कालेज ऑफ फिशरीज स्टडी बना कर वहां इससे जुड़ी उद्यमशीलता को बढ़ावा मिले, तो वहां मत्स्य उद्योग से स्वावलंबन तथा बाजार विकसित होगा।

## कविता

उदय किशोर साह



### नव वर्ष की बधाई

नई साल नई सुबहा चहुँ ओर
कुहरे की चादर ओढ़े ये भोर
ठंडी हवा की सिरहन चुभ आई
दशो दिशा को अंधेरों में छुपाई

काँप रहा पक्षियों का रैन बसेरा
जाड़े की ठंडक डाले है डेरा
कैसी ठंडक ये नई साल ले आई
ढूँढ रही है तन वदन गरम रजाई

बाँस के टहनी से ये टपकता पानी
शबनम पे छाई है आज मस्तानी
पीपल का पत्ता कोहरे से घबराया
ये ठंडी हवा कहाँ से मुसीबत लाया

अम्बर पे सूरज चेहरा ना दिखलाये
कोहरे की चादर में मुँह क्यूँ छिपाये
नव वर्ष कैसी विहान लेकर आई
प्रकृति चारों ओर ओस से नहाई

चलो आग जलायें सब जन मिलकर
आने में अभी देर है गगन के दिनकर
मित्रों नववर्ष की स्वीकार करो बधाई
सन छब्बीस देख दरवाजे पे है। आई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# धर्म का स्वरूप : सेवा या स्वार्थ ?


प्रियंका सौरभ

> मीडिया और शिक्षा संस्थानों की भूमिका भी इस संदर्भ में अहम है। यदि धार्मिक मुद्दों पर संतुलित, तार्किक और संवेदनशील चर्चा होगी, तो समाज में जागरूकता बढ़ेगी। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि विवेकशील नागरिक तैयार करना भी है—ऐसे नागरिक जो आस्था और अंधविश्वास में अंतर समझ सकें। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम धर्म को उसके मूल स्वरूप में लौटाने का प्रयास करें। ऐसा धर्म, जो भय नहीं, बल्कि शांति दे; जो शोषण नहीं, बल्कि संरक्षण करे; और जो विभाजन नहीं, बल्कि एकता का संदेश दे। आस्था को आत्मा की शक्ति बनाना होगा, न कि किसी के स्वार्थ का साधन। अंततः यह स्पष्ट है कि धर्म का भविष्य परंपराओं से अधिक हमारी सोच पर निर्भर करता है। यदि हम विवेक, करुणा और आत्मसम्मान को आस्था का आधार बनाएँ, तो पाखंड अपने आप समाप्त होने लगेगा। सच्चा धर्म वही है जो मनुष्य को बेहतर इंसान बनाए। आज के समय में यही सबसे बड़ी आवश्यकता और सबसे बड़ा धर्म है।

भारत को सदियों से धर्म, आस्था और आध्यात्म की भूमि माना जाता रहा है। यहाँ धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जीवन के हर पक्ष को दिशा देने वाला तत्व रहा है। आस्था ने व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में संबल दिया, उसे नैतिकता और मानवता से जोड़े रखा। किंतु बदलते समय के साथ यह देखा जा रहा है कि आस्था का स्वरूप धीरे-धीरे विकृत होता जा रहा है। धर्म, जो आत्मिक शांति का माध्यम था, कई स्थानों पर भय, अंधविश्वास और व्यापार का साधन बनता जा रहा है।

आज का यथार्थ यह है कि धार्मिक परंपराओं का एक बड़ा हिस्सा अपने मूल उद्देश्य से भटक चुका है। जिन कर्मकांडों का उद्देश्य मनुष्य को आत्मिक संतुलन देना था, वे अब आर्थिक लेन-देन और दिखावे से जुड़ गए हैं। तीर्थस्थल, जो कभी तप, त्याग और साधना के केंद्र हुआ करते थे, आज कई बार बाजार का रूप धारण कर चुके हैं। श्रद्धालु की भावना से अधिक उसकी आर्थिक स्थिति को महत्व दिया जाने लगा है।

आस्था का मूल आधार विश्वास है—ईश्वर में, जीवन में और स्वयं में। यह विश्वास किसी डर या लालच से नहीं, बल्कि आंतरिक संतोष से उपजता है। जब आस्था भय पर आधारित हो जाती है, तब वह पाखंड में बदल जाती है। दुर्भाग्यवश, आज अनेक धार्मिक गतिविधियाँ इसी भय को केंद्र में रखकर संचालित की जा रही हैं। लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि यदि उन्होंने किसी विशेष परंपरा का पालन नहीं किया या तय राशि का दान नहीं दिया, तो अनिष्ट हो जाएगा। इस प्रकार धर्म, जो आश्वासन देने वाला था, भय पैदा करने वाला बनता जा रहा है।

परंपराएँ किसी भी समाज की पहचान होती हैं। वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी अनुभव और ज्ञान के माध्यम से विकसित होती हैं। लेकिन परंपराएँ तब तक ही उपयोगी हैं, जब तक वे समय, विवेक और मानवता के अनुरूप हों। परंपराओं को पत्थर की लकीर मान लेना समाज के विकास में बाधा बनता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम परंपराओं की समीक्षा करें—यह समझें कि उनका उद्देश्य क्या है और वे वर्तमान समय में कितनी प्रासंगिक हैं।

धर्म का एक महत्वपूर्ण पक्ष सेवा रहा है। सेवा का अर्थ है—निस्वार्थ भाव से दूसरों की सहायता करना। किंतु जब सेवा के बदले मूल्य तय कर दिया जाए, तब उसका स्वरूप बदल जाता है। दान तभी दान कहलाता है जब वह स्वेच्छा से दिया जाए। जब दान दबाव, भय या सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण दिया जाता है, तब वह अपनी पवित्रता खो देता है। दुर्भाग्य से, आज दान भी कई जगह अनिवार्य शुल्क की तरह वसूला जाने लगा है।

इस स्थिति का सबसे अधिक प्रभाव साधारण और भावनात्मक लोगों पर पड़ता है। दुख, शोक या संकट की घड़ी में व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर होता है। ऐसे समय में यदि उसकी आस्था का शोषण किया जाए, तो यह न केवल अनैतिक है, बल्कि अमानवीय भी है। धर्म का उद्देश्य मनुष्य को टूटने से बचाना है, न कि उसे और अधिक बोझिल बनाना।

पाखंड का सबसे बड़ा खतरा यह है कि वह धीरे-धीरे धर्म के प्रति अविश्वास को जन्म देता है। जब लोग बार-बार ठगे जाते हैं, उनकी भावनाओं का दोहन होता है, तो वे या तो धर्म से दूर हो जाते हैं या फिर हर परंपरा को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। यह स्थिति समाज के लिए घातक है, क्योंकि धर्म का स्वस्थ स्वरूप सामाजिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के शिक्षित और जागरूक समाज में यह अपेक्षा की जाती है कि व्यक्ति हर बात को तर्क और विवेक की कसौटी पर परखे। आस्था और विवेक एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। सच्ची आस्था वही है जो विवेक के साथ चल सके। यदि कोई परंपरा मानवता, नैतिकता और करुणा के विरुद्ध जाती है, तो उसे बदलना ही धर्मसम्मत कदम माना जाना चाहिए। धार्मिक संस्थानों और धर्म से जुड़े लोगों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें यह समझना होगा कि उनकी जिम्मेदारी केवल कर्मकांड करवाना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी है। यदि धार्मिक नेतृत्व स्वयं लालच और स्वार्थ से प्रेरित होगा, तो आमजन से नैतिकता की अपेक्षा करना व्यर्थ है। धर्म को व्यवसाय नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाना समय की माँग है। इसके साथ ही समाज की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जब तक लोग स्वयं जागरूक नहीं होंगे, तब तक पाखंड समाप्त नहीं होगा। प्रश्न करना अधर्म नहीं है। हर परंपरा का उद्देश्य समझना और उस पर विचार करना बौद्धिक परिपक्वता का संकेत है। आँख मूँदकर हर बात मान लेना न तो आस्था है और न ही धर्म।

# शिमला-मनाली की भीड़ से परेशान? चंडीगढ़ के पास इन 3 खूबसूरत हिल स्टेशनों पर मनाएं सुकून भरी छुट्टियां

चंडीगढ़ के पास भीड़भाड़ से दूर, सुकून भरी छुट्टियां बिताने के लिए शोजा, कनाताल और पंगोट जैसे तीन बेहतरीन हिल स्टेशनों का विकल्प मौजूद है, जहां आपको शिमला-मनाली जैसी भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। ये जगहें प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और कम पर्यटक आगमन के कारण प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श हैं। पहाड़ों पर घूमने के शौकीन अक्सर छुट्टियां मिलते ही पहाडियों पर ट्रिप का आनंद जरुर लेते हैं। हालांकि, इस दौरान सोशल मीडिया पर पहाड़ों के ट्रैफिक वाले वीडियो वारयल हो रही है। बर्फ से ढकी सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें, तो कई टूरिस्ट जगहों पर एक साथ खड़े लोगों की भीड़। अगर आप भी घूमने के लिए सर्च कर रहे हैं सही लोकेशन, जहां सुकून मिले और छुट्टियों का मजा भी खराब न हो। तो इस लेख में हम आपको बताएंगे बर्फ देखने के शौकीन लोग इन जगहों पर जरुर घूमने जाएं। हम आपको चंडीगढ़ के पास घूमने के लिए कुछ बेहतरीन जगहें बताएंगे, जहां आप घूमने जा सकते हैं।



**शोजा, हिमाचल प्रदेश**

हिमाचल प्रदेश में शोजा नाम की एक सुंदर जगह स्थित है, जहां पर लोग कम जाते हैं। कुछ लोग इस जगह के बारे में नहीं जानते हैं। जब मनाली, शिमला और मसूरी जैसे हिल स्टेशनों पर भीड़ होती है, तो कुछ यात्री शोजा में सुकून पल बिताते हैं। आपको बता दें कि, यह एक छोटा सा पहाड़ी गांव है, जो तीर्थन वैली के पास है। यहां पर न तो बड़े-बड़े होटल हैं और न ही पार्टी कल्चर। चारों तरफ देवदार और चीड़ के घने जंगल, छोटे-छोटे लकड़ी के घर। यहां पर प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है।

**कनाताल (उत्तराखंड)**

न्यू अनुभव के लिए आप उत्तराखंड के कनाताल घूमने जरुर जाएं। यहां पर भीड़ बहुत कम होती है। यह जगह मसूरी से ज्यादा दूर नहीं होती है। यहां पर आपको खुली सड़कें, साफ हवा और शांत माहौल का अनुभव होगा। यह जगह समुद्र तल से करीब 8,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। कनाताल में पार्टी टूरिज्म जैसे लोकेशन नहीं मिलते, इसलिए ट्रैफिक जाम और भीड़भाड़ नहीं होती है।

**पंगोट ( उत्तराखंड)**

चंडीगढ़ से बेहद नजदीक है यह जगह। पंगोट नैनीताल के पास है। नैनीताल से बाहर 15 किमी दूर होने की वजह यहां आपको भीड़ कम देखने को मिलेगी। नैनीताल से 15 किलोमीटर दूरी पर पंगोट एक छोटा सा पहाड़ी गांव है। नए साल के समय नैनीताल में होटल फुल हो जाते हैं और सड़कों पर जाम मिलता है, तो यह जगह सुकून और शांति वाली हो जाती है। नेचर लवर्स के लिए यह जगह बेहद शानदार है।

# कृत्रिम रोशनी की चकाचौंध के खतरे


विजय गर्ग

मानव सभ्यता के विकास की कहानी में आग के आविष्कार के बाद, बिजली के बल्ब का आविष्कार सबसे क्रांतिकारी माना गया। इसने मनुष्य को अंधेरे पर विजय दिलाई और रात को दिन में बदल कर हमारी कार्यक्षमता को कई गुना बढ़ा दिया। हमने शहरों को जगमग कर दिया, घरों को रोशन किया और अपनी रातों को भी दिन की तरह सक्रिय बना लिया। हम इसे विकास और आधुनिकता का नाम देते हैं, लेकिन आज यही विजय हमारी सबसे बड़ी जैविक पराजय का कारण बनती जा रही है। जिस कृत्रिम रोशनी को हमने अपनी सुविधा के लिए ईजाद किया था, वह अब एक ऐसे अदृश्य खतरे में तब्दील हो चुकी है, जो हमारे शरीर के सबसे महत्त्वपूर्ण अंगों खासकर हमारे दिल को अपना शिकार बना रही है। हालिया वैज्ञानिक अध्ययन हमें जिस गंभीर खतरे से आगाह कर रहे हैं, न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि हमारी पूरी आधुनिक जीवनशैली पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाता रात का यह अनावश्यक प्रकाश हमारे दिल की सेहत के लिए एक धीमा जहर बन गया है। हममें से अधिकांश लोग इस एक खतरे से पूरी तरह अनजान हैं। हम रोशनी को सुरक्षा और सकारात्मकता से जोड़ते हैं, जबकि जबकि अंधेरे को डर से, लेकिन जीव विज्ञान की दृष्टि से हकीकत इसके ठीक विपरीत। हाल ही में हुए व्यापक और गहन शोधों इस बात की पुष्टि की है कि रात के समय कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में रहना केवल हमारी नींद खराब नहीं करता, बल्कि यह हृदय संबंधी जानलेवा बीमारियों का सीधा और प्रमुख कारण बन रहा है। ये अध्ययन उन करोड़ों लोगों के लिए एक चेतावनी है, जो मानते हैं कि रात में थोड़ी सी रोशनी, टीवी या फोन का इस्तेमाल नुकसानदेह नहीं है। ने आंकड़ों की बात करें तो स्थिति बेहद भयावह नजर आती है। शोधकताओं ने पाया है कि जो लोग रात में अधिक तेज या लगातार कृत्रिम रोशनी के संपर्क में रहते हैं, उनमें दिल काम न करने का खतरा 56 फीसद तक बढ़ जाता है। चिकित्सा विज्ञान इसे खतरनाक माना गया है। ।इसी तरह, दिल के दौरे का खतरा 47 फीसद तक और स्ट्रोक या अन्य जानलेवा स्थितियों का जोखिम तीस फीसद से अधिक पाया गया है। ये केवल कागजी संख्या नहीं हैं, बल्कि यह उन लाखों जिंदगियों का संकेत हैं, जो अपनी अज्ञानता के कारण समय से पहले काल गाल में समा सकती हैं। इस शोध का सबसे अधिक चिंताजनक पहलू सामने आता है कि यह जोखिम उन लोगों में भी समान रूप से देखा गया, जो अपनी सेहत और शारीरिक गतिविधियों को लेकर बेहद सतर्क थे। हम अक्सर सोचते हैं कि अगर अच्छा और संतुलित भोजन कर रहे हैं, नियमित रूप से व्यायाम कर रहे हैं, धूम्रपान नहीं करते और शराब से दूर रहते हैं, तो हमारा दिल पूरी तरह सुरक्षित है। मगर यह नया अध्ययन हमारी इस गलतफहमी को पूरी तरह ध्वस्त कर देता है। वैज्ञानिकों ने पाया कि कृत्रिम रोशनी का दुष्प्रभाव उन लोगों पर भी स्पष्ट रूप से देखा गया, जिनकी जीवनशैली आदर्श थी। इसका सीधा और स्पष्ट अर्थ यह है कि रात का प्रकाश भी एक बड़ा जोखिम है। आप दिन भर

कितना भी दौड़ लें या कितना भी पौष्टिक आहार ले लें, यदि आप रात के समय अंधेरे में नहीं सोते हैं, तो आपका दिल खतरे में है। यह तथ्य स्वास्थ्य जगत में एक नए प्रतिमान को स्थापित करता है, जहां अंधेरा अब विटामिन और व्यायाम की तरह ही अच्छे स्वास्थ्य का एक अनिवार्य स्तंभ बन गया है। इस खतरे को समझने के लिए हमें मानव शरीर के विकासवादी इतिहास और उसकी जैविक संरचना को समझना होगा। लाख वर्षों से मानव शरीर पृथ्वी के घूमने और सूर्य के उगने ढलने के प्राकृतिक चक्र के साथ तालमेल बना कर विकसित हुआ है। हमारे पूर्वज दिन के उजाले में शिकार के अलावा अन्य काम करते थे और रात के अंधेरे में विश्राम करते थे। लाखों वर्षों की इस प्रक्रिया ने हमारे डीएनए में एक ह्यजैविक घड़ी' को स्थापित कर दिया है। यह घड़ी प्रकाश और अंधकार के संकेतों पर चलती अंधेरा छाता है, हमारी आंखो जस ही सूरज ढलता है और कु के रेटिना के माध्यम से दिमाग को संदेश मिलता है कि अब काम बंद करने और आराम करने का समय है। इस संदेश के मिलते ही हमारा मस्तिष्क पीनियल ग्रंथि के जरिए 'मेलाटोनिन' बनाना शुरू कर देता है। मेलाटोनिन

नामक एक बहुत को आम भाषा में अक्सर केवल 'नींद का हार्मोन' समझा जाता है, लेकिन वास्तव में यह उससे कहीं अधिक अहम होता है। जब रात में मेलाटोनिन का स्राव होता है, तो यह हमारे शरीर के तापमान को थोड़ा कम करता है, हमारे रक्तचाप को घटाता है और दिल की धड़कन को धीमा एवं स्थिर करता है। यह वह समय होता है, जब हमारा दिल जो दिन भर बिना रुके हजारों लीटर खून पंप करता है और हमारा मानसिक एवं शारीरिक तनाव झेलता है, वह थोड़ा सुस्ताता है और अपनी मरम्मत करता है। दिन की भाग-दौड़, चिंता और प्रदूषण से हमारी रक्त वाहिकाओं तथा हृदय की मांसपेशियों में जो सूक्ष्म टूट-फूट होती है, उसे ठीक करने का काम इसी अंधेरे के दौरान मेलाटोनिन की देखरेख में संभव हो पाता है। यह एक 'प्राकृतिक मरम्मत प्रणाली' है, जो हमारे शरीर को अगले दिन के लिए तरोताजा करती है।

शहरीकरण इस समस्या को और विकराल बना दिया है। हम ऐसे शहरों में रहते हैं, जो कभी नहीं सोते और जगमगाते रहते हैं। इसे प्रकाश प्रदूषण कहा जाता है। पहले प्रदूषण का मतलब केवल हवा या पानी का गंदा होना था, लेकिन अब प्रकाश ने भी प्रदूषण का रूप ले लिया है, जो हमारे स्वास्थ्य को प्रतिदिन नष्ट कर रहा है। वैज्ञानिक अब इस बात पर हैं कि रात का प्रकाश मधुमेह और मोटापे जैसी चयापचय संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है, जो आगे चल कर हृदय रोगों का कारण बनते हैं। मगर इस गंभीर खतरे को टालना पूरी तरह से हमारे अपने हाथों में है। सबसे ।सबसे पहले हम अपने शयनकक्ष में अंधेरे को तवज्जो दें। सुनिश्चित करें कि कमरे में किसी भी स्रोत से कोई भी रोशनी न पाए। सोने से से कम एक घंटा पहले मोबाइल फोन, लैपटाप, टैबलेट और टीवी को बंद कर दें। इन उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन उत्पादन को रोकने में सबसे आगे होती है।

# सेवा और संवेदना की मिसाल बना सीनियर सिटीजन क्लब, 500 से अधिक जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** कड़ाके की ठंड में जहां एक ओर आमजन अपने घरों में सिमटने को मजबूर हैं, वहीं सीनियर सिटीजन क्लब ने मानवीय संवेदना और सामाजिक दायित्व का परिचय देते हुए जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। क्लब के तत्वावधान में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत लगभग 500 से अधिक जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों, बेसहारा लोगों और गरीब परिवारों को प्राथमिकता दी गई। ठंड से ठिठुरते लोगों को जब कंबल मिले तो उनके चेहरे पर राहत और संतोष साफ नजर आया। क्लब के सदस्यों ने स्वयं आगे बढ़कर कंबल वितरित किए और जरूरतमंदों का हालचाल भी जाना।

इस अवसर पर सीनियर सिटीजन क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के वंचित और कमजोर वर्ग की सेवा करना ही क्लब का मुख्य उद्देश्य है। ठंड के इस मौसम में किसी जरूरतमंद को गर्माहट देना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। क्लब आगे भी इसी तरह समाजसेवी गतिविधियां करता रहेगा। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोग भी मौजूद रहे और सीनियर सिटीजन क्लब की इस पहल की जमकर सराहना की। लोगों ने इसे प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि यदि हर संस्था और व्यक्ति इसी भावना से आगे आए तो कोई भी जरूरतमंद ठंड में असहाय नहीं रहेगा। इस मौके पर प्रीति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल ज्वेलरी, मीरा गुप्ता, मीरा अग्रवाल, नीता जैन, सोनिया गुप्ता, दीपा गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, रानी गुप्ता, अलका जैन, सीमा अरोड़ा, अंकित रस्तोगी, डॉक्टर हिमांशु गुप्ता, गौरव जैन, नीना रस्तोगी आदि मौजूद रहे।





## कोहरे से फसलों को हो रहा भारी नुकसान

**बुगरासी।** लगातार पड रहे कोहरे से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।आलू व सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान हो रहा हैं। किसान सूर्य प्रताप निवासी चटहेरा ने बताया कि अधिक दिनों तक कोहरा पडते रहने से आलू का तना सूख जाता है जिससे जमीन के नीचे आलू भी सूखने लगता है।इसी तरह सरसों की फसल में कोहरे से चैंपा रोग लग जाता है जिससे सरसों की पैदावार कम हो जाती है।किसानों का यह भी कहना है कि अगर इसी तरह कोहरा पडता रहा तो आलू व सरसों के किसानों को निकट भविष्य में आर्थिक हानि झेलनी पड सकती है। किसान करे तो क्या अब तो बस भगवान का ही सहारा है।



# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंदों को किए कंबल वितरित



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शीतलहर से प्रभावित जरूरतमंद एवं निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शीतलहर के दृष्टिगत शासन के निर्देशों के अनुरूप जनपद में किसी भी व्यक्ति को ठंड से प्रभावित न होने दिया जाए, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि शीत ऋतु के दौरान जनपद में रैन बसेरों का सुचारु संचालन, कंबल वितरण तथा अन्य आवश्यक राहत कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर से बचाव के सभी उपायों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर तत्काल समाधान किया जाए।

## साल का पहला दिन महाकाल भक्त मंडल ने कराया रुद्राभिषेक



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** महाकाल भक्त मंडल द्वारा नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में नूतन नव वर्ष के अवसर पर भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक कराया गया और विश्व के लिए मंगल कामनाएं की गई। पंडित भोला शंकर शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना संपन्न करायी गई। आरती उपरांत सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। महाकाल भक्त मंडल परिवार ने सभी को नूतन नव वर्ष की बधाई दी।

इस अवसर पर सौरभ कुमार, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, देवेंद्र प्रजापति, प्रदीप कुमार, सागर प्रजापति, आकाश भटनागर, शानू, लक्ष्मण, हर्ष शर्मा, अमित चौहान आदि रहे।

# डा.भानुप्रकाश वर्मा पुनः बने जिलाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**

**बिजनौर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम मोरना स्थित भारत सेवाधाम परिसर में महंत देवराज कमल की अध्यक्षता व जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार के संचालन में सम्पन्न हुई।

बैठक के शुभारंभ में मुख्यातिथि प्रदेश महामंत्री (संगठन) डा. नरेशपाल सिंह व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष डा.भानुप्रकाश वर्मा ने संगठन के संस्थापक स्वः बाबू बालेश्वर लाल एवं मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित कर नमन किया। इसके उपरांत प्रदेश महामंत्री संगठन डा.नरेशपाल सिंह ने अपने मुख्य संबोधन में बाबू बालेश्वर लाल के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने ग्रामीण पत्रकारों को नई पहचान दिलाई है। उन्होने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की स्थापना 08 अगस्त 1982 को बलिया जनपद के एक छोटे से कस्बे गड़वार में सात स्थानीय पत्रकार साथियों के साथ मिलकर की थी। जिलाध्यक्ष डा.भानुप्रकाश वर्मा ने अपने संबोधन में संगठन के प्रति लापरवाह सदस्यों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि संगठन को मजबूती से चलाना है तो एकजुट होकर संगठन कार्य में हाथ बंटाना होगा। बैठक में संगठन की जिला ईकाई के चुनाव पर चर्चा के दौरान डा.आलम फरीदी ने डा.भानुप्रकाश वर्मा को ही जिलाध्यक्ष का दायित्व संभालने का प्रस्ताव रखा। जिस पर सभी उपस्थित सदस्यों ने हाथ उठाकर अपना समर्थन व्यक्त किया।

बैठक के संयोजक धामपुर तहसील अध्यक्ष इंदर सिंह चौहान आदि ने डा.भानुप्रकाश वर्मा को शाल ओढाकर पुनः जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इसके अलावा मुख्यातिथि डा.नरेशपाल सिंह, जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष यशपाल सिंह व डा.आलम फरीदी, सेवा धाम के महंत देवराज कमल को भी शाल ओढाकर सम्मानित किया गया। बैठक को जिला संगठन मंत्री गुणवंत सिंह राठौर, चांदपुर तहसील अध्यक्ष परम सिंह, नूरपुर ब्लाक अध्यक्ष चौधरी शेर सिंह, बिजनौर तहसील प्रभारी अवनीश शर्मा,नरेश फौजी, सतवेंदर सिंह गुजराल,नीरज शर्मा, कमल सिंह ऋषि त्यागी, रामरतन सिंह, डा.मनोज कटारिया, नीरज शर्मा,पवन सिंह चौधरी आदि ने संबोधित कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। बैठक में नसीम सैफी, इदरीस अंसारी,प्रशांत कुमार, नरेश फौजी, बबलू चौहान,ओमपाल प्रजापति, बिजेंद्र शर्मा, बिरेंदर चौधरी,मौहम्मद शाहिद, हकीम असराऊल हक, नवाबुद्दीन उर्फ नवाब, डा.प्रदीप कुमार, फिरोज आलम,कामेंद्र कुमार, मनोज डबास,धर्मवीर दिवाकर, अरुण कुमार वीरेश कुमार थमन सिंह , परम सिंह आदि उपस्थित रहे।



## नववर्ष के अवसर पर व्यापारी सुरक्षा फोरम के शीर्ष पदाधिकारियों ने डीएम एसएसपी को दी बधाई

बुलंदशहर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर को नववर्ष की बधाई देते हुए व्यापारी सुरक्षा फोरम के शीर्ष पदाधिकारियों ने डीएम एसएसपी के अलग अलग कार्यालयों में नववर्ष की बधाई प्रेषित की है। वही व्यापारी नेता अनिल देशभक्त ने बताया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अनूपशहर में व्यापारी के घर 19 दिसंबर को हुई डकैती को पूरी तरह वर्कआउट करने पर दोनों अधिकारियों को बधाई दी गई है।



## झूठे मुकदमे की साजिश का सनसनीखेज खुलासा: बदला लेने के लिए भाई को खुद मारी गोली, दोनों गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर जनपद के हल्दौर थाना क्षेत्र में दर्ज गोलीकांड के मामले में पुलिस जांच के बाद चौंकाने वाला और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जिस घटना को शुरूआत में जानलेवा हमला बताया गया था, वह दरअसल पुरानी रंजिश में विरोधी पक्ष को फंसाने के लिए रची गई एक सोची-समझी साजिश निकली। पुलिस ने मामले में वादी सलीम और उसके घायल भाई नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, 2 दिसंबर 2025 को ग्राम अम्हेड़ा निवासी सलीम पुत्र अकबर ने हल्दौर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तीन नामजद आरोपियों ने उसके भाई नवाजिश पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जिसमें वह घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान जब पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मोबाइल कॉल डिटेल सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया, तो कहानी में कई विरोधाभास सामने आए। संदेह गहराने पर पुलिस ने गहन पूछताछ की, जिसमें खुलासा हुआ कि नामजद किए गए आरोपी पूरी तरह निर्दोष हैं। कड़ी पूछताछ में सलीम ने स्वीकार किया कि गांव में चली आ रही पुरानी रंजिश और आपसी विवाद के चलते उसने विरोधी पक्ष से बदला लेने की योजना बनाई थी। इसी योजना के तहत उसने अपने ही भाई नवाजिश को गोली मारकर हल्की चोट पहुंचाने की साजिश रची, ताकि विरोधियों को झूठे मुकदमे में फंसाया जा सके। घटना के दिन सलीम ने अवैध देशी पिस्टल से नवाजिश पर फायर किया, जिसमें गोली कंधे को छूते हुए हाथ में लग गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सलीम और नवाजिश को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर एक .32 बोर की अवैध देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। इसके बाद मुकदमे में आर्म्स एक्ट सहित कई अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाई गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। दोनों के खिलाफ पूर्व में लूट, गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने साफ शब्दों में कहा कि झूठे मुकदमे दर्ज कराकर निर्दोष लोगों को फंसाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# भाकियू अराजनैतिक का एसडीएम कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना जारी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबादभारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन द्वारा गंगा खादर क्षेत्र नांगल के किसानों की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय पर दिया जा रहा। अनिश्चितकालीन धरना लगातार जारी है।धरने को संबोधित करते हुए संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह ने कहा कि गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध रूप से गन्ने की फसल खड़ी की गई है, जिसे तत्काल नीलाम किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि जिन किसानों के नाम खतौनी में दर्ज हैं, उन्हें उनकी फर्ज के अनुसार भूमि उपलब्ध कराई जाए।उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों का खतौनी में नाम दर्ज नहीं है अथवा जिनके पास वैध भूमि नहीं है, उन्हें वन विभाग की भूमि से कब्जा मुक्त किया जाए। प्रशासन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।धरने में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कुलबीर सिंह के साथ विजय सिंह, नवीन राजपूत, पुनीत चौहान, मुनेंद्र सिंह, हिमांशु चौधरी, पवन कुमार, राजवीर काकरान, फुरकान, सफदर, अजीत सिंह, डॉक्टर साहब अंसारी, प्रशांत चौधरी, अनमोल चौधरी, उज्जवल काकरान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



## फिल्मी अंदाज में युवती के गले पर चाकू रख बनाया था बंधक, पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित दिल्ली धमाका सेल शोरूम पर बीती रात्रि को उस समय दहशत का माहौल पैदा हो गया था जब फिल्मी स्टाइल में पहुंचे एक युवक ने कपड़े खरीदने आई किशोरी के गले पर छुरी रखकर उसे बंधक बना लिया था इतना ही नही युवक ने किशोरी से रूपयो की भी मांग की थी। सूचना पर पहुंचे कुछ पुलिस कर्मियों ने जान जोखिम में डालते हुए किशोरी को युवक से बंधन मुक्त कराया था। क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में पैदल गस्त कर रही पुलिस टीम की मदद से युवक को छूरे सहित मौके से पुलिस हिरासत में लिया गया तथा घायल लडकी को सुरक्षित करते हुए प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम अजीत सिंह पुत्र बाल गोविन्द सिंह निवासी ग्राम सुरजनपुर थाना मौहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी बताया। युवक ने बताया कि बीती रात्रि को वह को अत्यधिक नशे मे छाबडा मार्केट नजीबाबाद में घूम रहा था एवं उसके पास एक छुरा भी था। वहीं पर एक कपड़ों की सेल की दुकान पर उसने नशे में होने के कारण एक लडकी को जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन पर छुरा रख दिया था। पीड़िता के शोर मचाने पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया और कब्जे से छुरा बरामद कर लिया गया। पुलिस की आगे की कार्यवाही जारी है।




## नववर्ष के अवसर पर स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं ए.एस. चैक टीम द्वारा चलाया सघन चैकिंग अभियान

बुलंदशहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में गुरुवार को नव वर्ष के अवसर पर जनपद में शांति, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं ए.एस. चैक टीम द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के होटल, रेस्टोरेंट, बस स्टैंड एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों को चेक किया गया। चेकिंग के समय संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा आमजन को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# जब्ती करों से लोक केंद्रित सुधार तक 2025 में भारत की कर संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव

**(संतोष कुमार सिंह)**

**वाराणसी :-** 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कर की अवज्ञा ने उजागर किया था कि कैसे दमनकारी कर प्रणाली नागरिक को राज्य से दूर कर सकती है यह एक चेतावनी थी कि जब कर मनमाने या अत्यधिक होते हैं तो वे विश्वास और सामाजिक सम्पर्क को कमजोर करते हैं चार दशक बाद,भारत में एक और चरम स्थिति देखी गई, जब पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आयकर के स्तर को आश्चर्यजनक रूप से 97.5 प्रतिशत तक बढ़ा दियो इस परम्परा ने करदाताओं और राज्य के बीच गहरा अविश्वास पैदा कर दियो दशकों तक,भय के कारण अनुपालन होता रहा इसने सक्रिय योगदान देने के बजाय टालमटोल को प्रोत्साहित कियो इसी पृष्ठभूमि में मोदी सरकार के कर सुधार,जो आठ वर्ष पहले आरंभ हुए और 2025 में निर्णायक रूप से आगे बढ़े,अतीत से एक स्पष्ट अंतर का प्रतीक हैं इस बदलाव में अंतर्निहित लाफर कर्व का तर्क यह है कि कम कर दरें राजस्व सृजन के लिए उप-इष्टतम हैं और कर आधार का विस्तार करती हैं इस प्रकार भारत के 2025 के कर सुधार न केवल राजकोषीय परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं बल्कि एक दार्शनिक परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करते हैं,जो उत्पीड़न से सहयोग तक और अविश्वास से लेकर राज्य और नागरिक के बीच एक नया सामाजिक अनुबंध हैं वैट शासन के दौरान,अप्रत्यक्ष करों की बहुलता ने व्यापक स्तर पर भ्रम पैदा कियो राज्यों ने 0 प्रतिशत,4 प्रतिशत और 12.5 प्रतिशत के एक समान स्लैब को खत्म करते हुए बार-बार वैट दरों में बदलाव कियो वास्तव में,स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद,राज्यों ने अतिरिक्त शुल्क लगाने के विरूद्ध अपनी 2010 की रिपोर्ट में कैग की सुस्पष्ट सलाह की अनदेखी कर दी,फिर भी प्रवेश कर और स्थानीय अधिभार जारी रहें इसने भ्रम और विखंडन पैदा किया और प्रत्येक राज्य ने अपने स्वयं के अनुपालन नियमों,दंड और प्रक्रियाओं को लागू किया इसके गंभीर परिणाम हुए,कमजोर जांच और असंगत प्रवर्तन ने कर चोरी को प्रोत्साहित किया हर दो डीलरों में से एक ने कर चोरी करने का प्रयास किया और सिर्फ एक मामले में ही,सात डीलरों को उचित दस्तावेज के बिना 1,026 करोड़ रुपये की छूट दे दी गई वर्ष 2017 में जीएसटी की शुरूआत ऐतिहासिक थी इसने भारत को एकल बाजार में समेकित किया,व्यापक करों को समाप्त कर दिया और एक पारदर्शी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की नींव रखी यद्दिप,दरों और वर्गीकरण में अस्पष्टता के कारण विवाद पैदा हुए और निस्संदेह अनुपालन के साथ-साथ पंजीकरण में भी भारी समस्याएं रहीं उदाहरण के लिए, वस्त्र क्षेत्र में धुलाई और रंगाई जैसी सेवाओं पर ₹जॉब वर्क सर्विसेजर₹ के हिस्से के रूप में पांच प्रतिशत कर लगाया गया था जबकि ब्लीचिंग,प्रिंटिंग और रासायनिक उपचार जैसी प्रक्रियाओं पर 18 प्रतिशत का कर लगाया गया थो इससे वर्गीकरण को लेकर गंभीर भ्रम और कर विवाद पैदा हो गए।



# बरेली में सड़क सुरक्षा का बिगुल, जनवरी भर चलेगा जागरूकता अभियान

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** सड़क हादसों पर लगाम कसने के लिए बरेली में वर्ष 2026 के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का दमदार आगाज किया गया। 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले भर में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के साथ-साथ आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि अब हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित ड्राइविंग को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मंच से लोगों को तेज रफ्तार, नशे में ड्राइविंग और गलत लेन में वाहन चलाने से सख्त चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने अपील की कि वाहन चलाते समय नियमों को बोझ नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की जिंदगी की सुरक्षा समझें।

कार्यक्रम में बताया गया कि वर्ष 2025 में सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है, जो लगातार चलाए गए जागरूकता अभियानों और पुलिस के सख्त प्रवर्तन का नतीजा है। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए इस साल अभियान को और आक्रामक व व्यापक बनाया जाएगा, ताकि एक भी बेकसूर जान सड़क पर न जाए। उद्घाटन समारोह में एडीजी रमित शर्मा, मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, सांसद छत्रपाल गंगवार, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, नगर मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों ने मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने सड़क सुरक्षा पर गीत, नाटक और संदेशात्मक कार्यक्रमों के जरिए यह दिखा दिया कि अगर आज बच्चों को नियमों की समझ दी जाए, तो कल सड़कें खुद-ब-खुद सुरक्षित हो जाएंगी।

## अधेड़ को हाईवे पर अज्ञात वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**बरेली।** थाना सीबीगंज क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। खेत से काम कर घर लौट रहे एक 55 वर्षीय अधेड़ को किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना को लेकर मृतक के भाई नरेश ने बताया है कि सीबीगंज के परधौली गांव निवासी मूलचंद (55 वर्ष) बुधवार की शाम खेत से अपना काम निपटाकर घर वापस लौट रहे थे। गांव के पास ही दिल्ली-लखनऊ हाईवे क्रॉस करते समय एक अनियंत्रित वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मूलचंद की घटनास्थल पर ही जान चली गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचित किया।

# गिर्राज सेवा मित्र मंडल के 22 वे त्रिदिवसीय भव्य छप्पन भोग भंडारा

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** श्रीजी,धाम और गिर्राज धाम में श्रद्धा और भक्ति की धारा में गिर्राज महाराज की दिव्य परिक्रमा, संग छप्पन भोग मनोरथ उत्सव व वृद्ध बुजुर्ग महिलाओं व साधु सेवा प्रसादी का भव्य समापन किया गया। 22 वे त्रिदिवसीय दुग्ध, पुष्प परिक्रमा तथा भव्य छप्पन भोग महोत्सव का भव्य समापन किया गया।

प्रमुख समाजसेवी एवं संस्था संयोजक आशीष शर्मा ने बताया कि बच्चे नवयुवक युवतियों पर पश्चिमी सभ्यता व संस्कृति का विशेष प्रभाव रहता है तथा अंग्रेजी नववर्ष के दिन हर शहर के सभी छोटे व बडे होटलों में हमारी युवा पीढी युवक युवतियों व बच्चे पूरी रात नाच गाना फूहड़ नृत्य व शराब पीने में मशगुल रहते हैं और अपनी भारतीय संस्कृति व हिन्दू सभ्यता को भूलते जा रहे है। अतः अपनी हिन्दू संस्कृति व सभ्यता को जीवित रखने के लिये व युवा पीढ़ी को उस गन्दे माहौल से बचाने के उद्देश्य से श्री गिर्राज सेवा मित्र मण्डल उ०प्र० व वालाजी गो सेवा समित उ०प्र० द्वारा संकल्प लिया गया कि हम सभी अपने परिवार, इष्टमित्रो तथा सगे सम्बन्धियों और उनके बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति व सभ्यता के प्रति आर्कषित कर उन्हे अच्छे भारतीय संस्कार देने की दशा में प्रयास किये जायें।वर्ष 2005 से लगातार तीन दिवसीय पवित्र गोर्वधन धाम श्री गिरिराज महाराज के चरणों में भारतीय संस्कृति के अनुसार संकीर्तन परिकमा, गौ सेवा, वृद्ध महिला, साधुसंत सेवा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने युवा पीढी को भारतीय संस्कृति व विचारों से अभिभूत करने एवं इसे सहज कर रखने की प्रार्थना की वही 1500 परिवार गिरार्जी में उनके साथ इस बार शामिल हुये ।

## सार संक्षेप

### ट्रक के धक्के से बाइक सवार दो गम्भीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

मिजार्मुराद। मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के तमाचाबाद (कछवांरोड) पुलिस चौकी के ठीक सामने हाईवे पर गुरुवार की पांच बजे वाराणसी से प्रयागराज जा रहे बाइक सवार दो युवकों को वाराणसी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने जोरदार धक्का मार दिया ।जिससे बाइक सवार प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के मिश्री निवासी अभिषेक शुक्ला उम्र (32) वर्ष व अमन पांडेय उम्र (20) वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए ।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई रामचन्द्र यादव ने दोनों गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार युवकों को इलाज हेतु एम्बुलेंस की मदद से औराई एक निजी अस्पताल में भेजकर भर्ती करवाया ।वही घटना के बाद क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी लाने के बाद घायलों के परिजनों को घटना की सूचना दिये ।मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।

### डेढ़ माह बाद खोई मोबाइल पाकर छात्र ने पुलिस का जताया आभार



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने डेढ़ महीने पहले गुम हुए मोबाइल को खोजकर छात्र को वापस दी तो छात्र के चेहरे पर खुशी छा गया। मिजार्मुराद थाने के एसआई अविनाश सिंह ने बताया कि बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के बैरिया गांव निवासी कृष्ण कुमार प्रजापति मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के बिहड़ा में रूम लेकर भाड़े पर पढ़ाई करता है ।बीते 21 नवंबर को युवक कछवांरोड से लाइब्रेरी से पढ़ाई कर के वापस कमरे जा रहा उसी समय उसके जेब से मोबाइल कही गिर गया ।जिसपर युवक द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन मोबाइल कही नही मिला तो युवक द्वारा मिजार्मुराद थाने में मोबाइल गुम होने के बाबत गुमशुदगी दर्ज करवाया गया था ।उसी समय से पुलिस युवक के मोबाइल के तलाश में लगी थी। सर्विलेंस लेस की मदद से करीब डेढ़ महीने बाद युवक की मोबाइल मिल गया जिसपर युवक को थाने बुलाकर उसकी खोई मोबाइल सुपुर्द कर दिया गया।

### मुम्बई ने मैच जीतकर फाइनल में बनाया जगह



वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद।** खोचवा गांव (रूपापुर) के सूर्या पार्क मैदान पर खेली जा रही स्वर्गीय बाबू रामखेलावन सिंह स्मृति राज्य आमंत्रण क्रिकेट प्रतियोगिता मैच के नौवें दिन गुरुवार को जी बी पंत एकादश भदोही और वीपीसीसी मुंबई के बीच पहला सेमीफाइनल 20-20 ओवरों का खेला गया ।जिसमें मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें भदोही एकादश ने 19 ओवरों में सभी विकेट के खोकर 132 रन बनाया जिसमें आसुतोष ने 62 रन 40 गेंद बनाए और मुंबई के तरफ से सौरभ ने 4 ओवर 30 रन 4 विकेट और मीत माइकर 3 विकेट लिए जबाब में मुंबई ने 17.1 ओवर मे 4 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर मैच 6 विकेट से जीत कर फाइनल में पहुंच गया। मुंबई के तरफ से मीत माइकर की 46 गेंद पर 70 रन बनाये सरदार 32 रन बनाये भदोही के तरफ से दीपचंद ने 4 ओवर 31 रन देकर 2 विकेट लिए मीत माइकर को ऑल राउंड परफॉर्मेंस के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के मुख्य अतिथि रमेश मणि त्रिपाठी जिला सत्र न्यायालय भदोही जज फैमिली कोर्ट रहे।

### रामचरित मानस का पाठ सुनने पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी एवं कांग्रेस नेता

**बुलंदशहर।** शिव मंदिर रोरा विधानसभा क्षेत्र अनूपशहर में चल रहे रामचरितमानस पाठ में पहुंचकर क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी व कांग्रेस नेताओं ने रामचरितमानस पाठ का वाचन एवं श्रवण कर ईश्वर से क्षेत्र जनपद देश एवं प्रदेश के नववर्ष के शुभ अवसर पर कल्याण की कामना की रामचरितमानस पाठ के अवसर पर क्षत्रिय महासभा के संरक्षक ठाकुर सुरेंद्र दादा निवास एवं प्रेम सिंह राघव कोऑर्डिनेटर कांग्रेस प्रज्ञा गौड क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ साथी ब्रजवीर सिंह राघव ग्राम प्रधान और किशनपुर ठाकुरान पूर्व प्रवक्ता योगेंद्र शर्मा डूंगरा जोगी वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कुरैशी आदि लोग शामिल हुए।

# भाकियू (एकता शक्ति) के पदाधिकारियों ने चौकी इंचार्ज को दी नववर्ष की शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** नोएडा भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के युवा प्रदेश महासचिव अभिषेक शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर रोजा जलालपुर चौकी पहुंचकर चौकी इंचार्ज अमित कुमार से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने चौकी इंचार्ज अमित कुमार को नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।भेंट के दौरान अभिषेक शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन समाज की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नववर्ष में जनहित और शांति व्यवस्था को और मजबूत करने की कामना की गई। चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने भी संगठन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना के साथ सकारात्मक संवाद हुआ।

## पत्रकार समाज का दर्पण, एकजुटता ही सबसे बड़ी शक्ति

# आईपा का भव्य पत्रकार सम्मेलन आयोजित

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** नव वर्ष के अवसर पर जनपद हापुड़ के प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन इंडियन प्रेस एलायंस एसोसिएशन (आईपा) द्वारा गुरुवार को एक भव्य पत्रकार सम्मेलन एवं एकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गढ़मुक्तेश्वर स्थित देव पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में पत्रकारों के सम्मान, अधिकारों और संगठनात्मक एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत जनपद भर से पहुंचे पत्रकार बंधुओं एवं मुख्य अतिथियों के फूल-मालाएं पहनाकर तथा शील्ड भेंट कर सम्मान के साथ हुई। सम्मेलन का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और पत्रकार हितों को लेकर गंभीर चर्चा हुई ।शासन-प्रशासन को जगाने का कार्य करते हैं पत्रकारः नईम कारीमुख्य अतिथि नईम कारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज को आईना दिखाने का महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण कार्य करते हैं। अपनी लेखनी के माध्यम से वे सोए हुए शासन और प्रशासन को जगाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही इस मार्ग में विरोध और कठिनाइयाँ आती हैं, लेकिन सत्य की जीत हमेशा होती है।

पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभः राम अवतार राजौरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रमुख अतिथि राम अवतार राजौरा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। उन्होंने आईपा के पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की मोदी व योगी सरकार पत्रकारों के हितों के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने पत्रकारों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया ।हर संघर्ष में पत्रकारों के साथ खड़ा रहेगा संगठनः अवधेश पाराशरआईपा के चेयरमैन अवधेश पाराशर ने कहा कि संगठन प्रत्येक पत्रकार के मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पत्रकारों की किसी भी लड़ाई में आईपा कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा रहेगा ।संचालन और अध्यक्षता कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार कमलेश अवस्थी एवं विनय मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। मंच का सफल संचालन जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सागर और कोऑर्डिनेटर रुस्तम सिंह ने किया ।प्रमुख उपस्थिति सम्मेलन में समाजसेवी हाजी आरिफ, समाजवादी पार्टी से जिला उपाध्यक्ष अशोक यादव, डॉ. तल्हा, डीके शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ

न्यूज इंडिया फर्स्ट न्यूज चैनल से चेतन कुमार, मोहित गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार, मुरलीधर शर्मा, दीपक कश्यप, अभिषेक कश्यप, कैलाश केवट, मुनीष कुमार, अनुज कुमार, शिवकुमार रावत, रुचि कोरी, माही खान, सुनील कुमार, चेतन, गुलफाम सैफी, अमित शर्मा, राजकुमार शर्मा, मोहित कुमार, दुर्गेश शर्मा, वीर सिंह, अलका रानी, सलमान खान सहित जनपद के सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे ।इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय यादव की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का समापन पत्रकार एकता, निष्पक्ष पत्रकारिता और समाजहित में सतत संघर्ष के संकल्प के साथ किया गया।

# पीलीभीत बाईपास से त्रिशूल तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण पर मंथन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** शहर की ट्रैफिक जाम और बढ़ते वाहनों की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। पीलीभीत बाईपास के सेटेलाइट चौराहा से त्रिशूल तिराहा तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर गुरुवार को कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में अहम बैठक आयोजित की गई। लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता ने बैठक में जानकारी दी कि करीब 11.3 किलोमीटर लंबी इस सड़क को पहले 6 लेन में चौड़ा करने का सर्वे और प्रारम्भिक प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि इस मार्ग की वर्तमान चौड़ाई लगभग 200 फीट (61 मीटर) है। इससे पहले ही यह सुनिश्चित किया जा चुका है कि सड़क के चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा और शहर की ट्रैफिक समस्या में काफी हद तक कमी आएगी। हालांकि, बढ़ते ट्रैफिक दबाव और भविष्य में वाहनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने बैठक में निर्देश दिए कि 6 लेन के बजाय 8 लेन सड़क के निर्माण की संभावना और साथ ही सर्विस रोड बनाने पर भी गौर किया जाए।

इसके लिए विद्युत विभाग, वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम को विस्तृत सर्वे कर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि यह परियोजना सिर्फ सड़क चौड़ीकरण तक सीमित नहीं रहेगी। इसका मकसद शहर के विकास को नई गति देना, ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात की गुणवत्ता में सुधार करना है।

बैठक में बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. ए. मनिकंडन, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# 44 स्वयंसेवकों को आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु लखनऊ भेजा गया




वेलकम इंडिया

**मथुरा।** 02 जनवरी 2026 से 13 जनवरी 2026 तक राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा आयोजित आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जनपद के 44 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बस को लखनऊ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के 24 एनसीसी, 7 नागरिक सुरक्षा, 4 एनएसएस तथा 9 नेहरू युवा केंद्र, कुल 44 स्वयंसेवकों को आपदा मित्र के प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा जा रहा है। सभी को राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के आयोजन / संचालन से सबंधित समस्त व्यवस्थाएँ यथा ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण, संबंधित सामग्री, आवागमन हेतु व्यय इत्यादि राज्य आपदा मोचन बल लखनऊ द्वारा किया जायेगी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक/ वालेन्टियर को शासन द्वारा निर्गत आदेशों के अनुसार एक इमरजेंसी रिस्पॉन्डर किट प्रदान करते हुए बीमा पॉलिसी भी निर्गत की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए लखनऊ हेतु रवाना किया।

# विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के पदाधिकारियों ने हापुड़ कोतवाली अध्यक्ष विनोद पांडे का किया सम्मान

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ यूपी (भारत) के पदाधिकारियों द्वारा हापुड़ कोतवाली अध्यक्ष विनोद पांडे को पटका पहनाकर एवं फूलों का बुके भेंट कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष यूपी पंडित गोपाल शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोम दत्त शर्मा, प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट, जिला संरक्षक हापुड़ नवरत्न त्यागी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित सोम दत्त शर्मा ने ब्राह्मण शिरोमणि स्वर्गीय पंडित मांगेराम शर्मा द्वारा देश में ब्राह्मणों, शिक्षकों एवं समाज के सभी वर्गों के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया।

उन्होंने बताया कि कई दशकों तक विश्व ब्राह्मण संघ (भारत) के संस्थापक ब्राह्मण शिरोमणि स्वर्गीय पंडित मांगेराम शर्मा ने समाजहित में निरंतर कार्य किया। वर्तमान में संगठन की अगुवाई चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा कर रहे हैं।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कोतवाली अध्यक्ष विनोद पांडे के कार्यों की सराहना करते हुए समाज एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## गैंगस्टर में वांछित 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को थाना खुर्जा देहात पुलिस द्वारा गैंगस्टर में वांछित 10 हजार रुपये के पुरस्कार घोषित शातिर अभियुक्त असलम उर्फ इस्लाम पुत्र कदीर उर्फ सुलेमान निवासी ग्राम व थाना टप्पल जनपद अलीगढ को किर्रा मोड नाले की पुलिया के पास से अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुर्जा देहात पर पंजीकृत मुअसं- 581/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था।

# यूपीएचसी सीबीगंज में साल के पहले दिन योग सत्र का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** सीबीगंज स्थित यूपीएचसी पर नववर्ष की प्रेरक शुरूआत में नववर्ष के अवसर पर स्वास्थ्य, सेवा और सकारात्मक सोच के साथ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा योग सत्र से की गई, जिसमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग, संतुलित आहार और सकारात्मक आदतों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को योग के माध्यम से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर स्टाफ नर्स सरिता का जन्मदिन भी बहुत ही सादगी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजों को चाय वितरित की गई तथा बच्चों को चॉकलेट देकर खुशियां बांटी गईं। योग सत्र में हृदेश, मनमोहन सरस्वती, मोनू, सुबिता, मीता, छाया, पूनम और अमृता सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरे आयोजन ने नववर्ष की शुरूआत को सेवा, स्वास्थ्य और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ते हुए एक सकारात्मक संदेश दिया।

# दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत, चार लोग घायल

वेलकम इंडिया







**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग आल्दी बस स्टैंड के समीप दो बाइकों की भिड़ंत हो गई दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों वाहनों पर सवार दो महिला दो पुरुष घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी आदेश अपनी बाइक पर सवार होकर पत्नी स्वामी व मां पूनम के साथ कस्बे में एक निजी डॉक्टर के यहां दवाई लेने के लिए आ रहे था।

वहीं क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत से बाइक पर सवार होकर जा रहे युवक शादाब पुत्र इरशाद निवासी ग्राम सिजुड थाना ननौता की बाइक की टक्कर हो गई। दोनों बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो महिला व पुरुष घायल हो गए जबकि दूसरा बाइक सवार भी घायल हो गया।

घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 और 112 पुलिस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। खबर लिखें जाने तक पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।

# फरार गैंगस्टर गिरफ्तार तमंचा कारतूस बरामद

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए गैंगस्टर के कब्जे से अवैध तमंचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए गैंगस्टर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

एसपी शामली एनपी सिंह ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दे रखे हैं। मंगलवार की शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एसआई विजेंद्र सिंह रावल व पुलिस बल के साथ क्षेत्र के गांव जिडाना पुलिया के निकट संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रुकने का इशारा किया तो युवक ईख के खेत में घुस गया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम सखावत पुत्र जल्फान निवासी ग्राम माल्हीपुर थाना कांधला बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहा था। चेकिंग के दौरान गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# बरेली के सोबती कॉन्टिनेंटल में न्यू ईयर की रात खाकी से टकराया नशा

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** न्यू ईयर की पार्टी की आड़ में सोबती कॉन्टिनेंटल में जमकर बवाल हुआ। डीजे की मस्ती और शराब के नशे में ग्रीन पार्क गेट के पास स्थित सोबती कॉन्टिनेंटल में देर रात खाकी से नशा टकरा गया। आधी रात के बाद करीब तीन बजे तेज आवाज में डीजे बजाने और शराब परोसे जाने पर बारादरी पुलिस ने मना किया तो दबंगों ने पुलिस के साथ ही अभद्रता और मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद बारादरी थाने में होटल मैनेजर समेत कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की है। थाने में की गई फिटनेस के बाद पार्टी का सारा सरूर ही उतर गया।

बारादरी थाने के चौकी इंचार्ज मनीष भारद्वाज ने बताया कि 31 दिसंबर की रात करीब तीन बजे सूचना मिली कि सोबती कॉन्टिनेंटल में न्यू ईयर कार्यक्रम के दौरान तेज डीजे बज रहा है और शराब पिलाई जा रही है। सूचना पर चौकी रुहेलखंड से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। होटल प्रबंधन से डीजे बंद करने को कहा। बार के नियमों की अनदेखी कर तय समय सीमा के बाद शराब भी पिलाई जा रही थी। इंस्पेक्टर बारादरी धनंजय पांडे ने बताया कि होटल के मैनेजर मसी आलम, पवनेश कुमार और मौके पर मौजूद राघव कपूर ने डीजे और बार बंद करने के बजाय पुलिस से ही बहस शुरू कर दी।

आरोप है कि धमकी दी गई कि डीजे बजेगा, कोई कुछ नहीं कर पाएगा। हमलावर पुलिस से भिड़ गये। उस वक्त चौकी के दो सिपाही ही थे। इसके बाद थाने की पूरी जीप सोबती होटल पहुंची। मैनेजर समेत तीनों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया। थाने में लाकर पूरी रात उनकी जमकर फिटनेस की गई। पुलिस के मुताबिक आरोपियों और उनके साथ मौजूद कुछ अन्य लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौच और मारपीट की। एक सिपाही का गला दबाने की कोशिश की गई, जबकि दूसरे अधिकारी के साथ भी धक्का-मुक्की हुई। बीच-बचाव के बाद आरोपी भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर दबोचा गया। घटना में पुलिसकर्मियों को चोटें आईं, जिन्हें मोबाइल टीम से उपचार के लिए भेजा गया। प्रकरण में बारादरी थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इंस्पेक्टर बारादरी ने बताया कि शांति भंग करने और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। रात दस बजे के बाद डीजे बजाने वालों पर कार्रवाई होगी। सोबती के मैनेजर समेत अन्य कर्मचारियों पर मारपीट, हंगामा, सरकारी कार्य में बाधा, पर्यावरण सरंक्षण अधिनियम, पुलिस पर जानलेवा हमला समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार संक्षेप

# एलम में एचटी लाइन विवाद समाप्त, मोहल्ले के बाहर से निकलेगी विद्युत लाइन



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में कई दिनों से चला आ रहा एचटी विद्युत लाइन को लेकर विवाद आखिरकार समाप्त हो गया। एलम के मोहल्ला विकास नगर में एचटी लाइन बिछाने को लेकर मोहल्लेवासियों और भूमि स्वामी के बीच तनाव बना हुआ था, जिसके चलते भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेतृत्व में धरना दिया जा रहा था।मोहल्लेवासियों की मांग थी कि एचटी लाइन को आबादी क्षेत्र से हटाकर खेतों के रास्ते बाहर की ओर ले जाया जाए। विवाद के समाधान के लिए भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत की सहमति से पांच सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति में जयकुमार, चेयरमैन पति अश्वनी पंवार, बाबा शौकेंद्र सिंह, दीपा पंवार और सतबीर सिंह को शामिल किया गया था, जिन्हें दोनों पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने की जिम्मेदारी दी गई थी।गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंचे भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत की मौजूदगी में समिति द्वारा की गई वार्ता और निर्णय को सार्वजनिक किया गया। समिति ने सर्वसम्मति से तय किया कि एचटी विद्युत लाइन मोहल्ले के भीतर से न ले जाकर बाहर के रास्ते खेतों की ओर निकाली जाएगी।समिति के फैसले पर कस्बावासियों ने सहमति जताई, जिसके बाद चल रहा धरना समाप्त कर दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर का तेल व सामग्री चोरी



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में एक किसान के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर से चोरों ने तेल व अन्य सामान चोरी कर लिया और ट्रांसफार्मर के खाली बॉक्स को छोड़ दिया। विद्युत विभाग के जैई ने चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी किसान साजिद पुत्र करमू ने अपने खेतों पर नलकूप की सिंचाई करने के लिए विद्युत विभाग से कनेक्शन ले रखा है विद्युत विभाग ने किसान के खेत पर 11 केवी का एक ट्रांसफार्मर रख रखा है। बुधवार की रात्रि किसान के खेत पर रखे ट्रांसफार्मर से चोरों ने तेल व अन्य सामग्री चोरी कर ली और ट्रांसफार्मर के खाली बॉक्स को खेत पर छोड़कर फरार हो गए। जैसे ही किसान अपने खेत पर पहुंचा तो उन्होंने चोरी की जानकारी हुई किसान ने मामले की जानकारी पुलिस व विद्युत विभाग को दी। मौके पर विद्युत विभाग के जैई किशोर गौतम अपनी टीम के साथ पहुंचे और मौका मुआयना किया।जैई किशोर गौतम ने थाने पर पहुंचकर चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है चोरों की तलाश की जा रही है।

# मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में तीन महिला घायल हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अख्तर और जिंदा दोनों पड़ोसी हैं। गुरुवार को दोनों परिवार के बच्चे आपस में गाली गलौज कर रहे थे। देखते-देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और फिर मारपीट में तब्दीलहो गई। मारपीट में दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष की मोहसीन पुत्री जिंदा, दूसरे पक्ष सुहाना पुत्री मासूम व अरशना पत्नी मासूम घायल हो गई।

# नववर्ष पर आईजीएल का तोहफा: पीएनजी और सीएनजी हुई सस्ती

**कांधला।** नववर्ष 2026 के अवसर पर इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड आईजीएल ने मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों के नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए घरेलू पीएनजी और सीएनजी के दामों में कटौती की घोषणा की है। स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में आईजीएल ने यह निर्णय लिया है।आईजीएल द्वारा घरेलू पीएनजी की कीमत में 2.00 प्रति एससीएम तथा सीएनजी की कीमत में 0.50 प्रति किलोग्राम की कमी की गई है। संशोधित दरें 01 जनवरी 2026 से प्रभावी कर दी गई हैं। इसके बाद अब घरेलू पीएनजी 47.35 प्रति एससीएम तथा सीएनजी 85.58 प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराई जा रही है।समाजसेवी दिलीप कपूर ने जानकारी देते हुए बताया कि आईजीएल का यह कदम आम उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा।

# थाना दुधारा पुलिस ने लूट से संबंधित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** बुधवार को वादिनी श्रीमती मीना वर्मा पत्नी स्व0 ओम प्रकाश वर्मा निवासी लोहरौली बाजार ठकुराई थाना दुधारा ने थाना दुधारा पर एक किता प्रार्थना पत्र दिया कि मेरी प्रकाश ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान लोहरौली ठाकुराई बाजार में है, दिनांक 30.12.2025 को लगभग 4:30 बजे शाम में मेरी दुकान पर एक व्यक्ति आया था जो मुझसे सोने की जेवर लेने की बात कहा मैंने उसे जेवर तौल के दिखायी। उसके बाद उसने मुझसे दाम पूछा मैं जेवर की कीमत बतायी तो उसने कहा मेरे पास पैसा कम है मै कल आऊंगा ।
दिनांक 31.12.2025 को समय करीब 4:45 शाम को वह व्यक्ति पुनः मेरी दुकान पर आया मुझसे सोने का जेवर लेने को कहा मैं 04 जोडा कान का झाला तौलकर दिखाई ।उस व्यक्ति ने अपने हाथ में आभूषण लेकर देखने लगा तथा हाथ में बंदूक दिखाते हुए जेवर लेकर फरार हो गया। जबतक मैं शोर-शराबा कि वह भागने में सफल रहा। उक्त सूचना के आधार पर थाना दुधारा पर मु0अ0सं0 02/26 धारा 309(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कोतवाली खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दुधारा प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अरविन्द शर्मा, उ0नि0 वीर बहादुर यादव, हे0का0 राजेश प्रसाद, हे0का0 प्रदीप सिंह, का0 रंजन कुमार सिंह, का0 भूपेन्द्र दूबे, का0 दीपक सिंह ने उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट में संलिप्त 01 अभियुक्त परवेज पुत्र शहाबुद्दीन निवासी ढ़ोढ़या थाना दुधारा को बंगाली रोड लोहरौली के पास से गिरफ्तार किया ।

गिरफ्तारी व बरामदगी के 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिंदा कारतुस 315 बोर, लुट का 04 अदद कान का झाला पीली धातु, 01 मोटरसाइकिल व गिरफ्तार 01 अभियुक्त संबंधित मु0अ0सं0 02/26 धारा 309(4) बीएनएस थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर व अभियुक्त के पास से अवैध तमंचा व कारतुस बरामद होने के आधार पर बढ़ोत्तरी धारा 317(2), बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई है ।

# नैनीताल में फ्लैट का सपना दिखाकर 5 लाख हड़पे

वेलकम इंडिया/खालिद खान

**बरेली।** नैनीताल में टू बीएचके फ्लैट दिलाने का झूठा सपना दिखाकर ठगों ने बरेली के एक युवक से 5 लाख रुपये ऐंठ लिए। जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेन्द्रनगर निवासी आलोक सक्सेना ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान सिविल लाइन्स निवासी आनन्द गुप्ता से हुई थी। आनन्द गुप्ता ने अपने साथियों मोहन सिंह रुतेजा, आसिम और दो अन्य लोगों के साथ मिलकर नैनीताल में अपार्टमेंट प्रोजेक्ट चलाने का दावा किया। सस्ते दाम में शानदार फ्लैट का लालच देकर आरोपियों ने पहले भरोसा जीता और फिर ठगी की साजिश रच डाली। 19 मार्च 2025 को आनन्द गुप्ता ने पीड़ित को अपने घर बुलाया। वहां मौजूद सभी आरोपियों ने मिलकर 35 लाख रुपये में नैनीताल में टू बीएचके फ्लैट देने का सौदा तय किया। बुकिंग के नाम पर 5 लाख रुपये टोकन मनी की मांग की गई। पीड़ित ने मोहन सिंह रुतेजा के नाम ढाई-ढाई लाख रुपये के दो चेक दे दिए, जो 21 मार्च को बैंक से क्लियर हो गए। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने न तो बुकिंग की कोई रसीद दी और न ही फ्लैट से जुड़ा कोई दस्तावेज। शक होने पर जब पीड़ित नैनीताल में बताए गए पते पर पहुंचा तो वहां न कोई अपार्टमेंट मिला और न ही किसी तरह का निर्माण कार्य चलता दिखा। इसके बाद पीड़ित ने आरोपियों से संपर्क किया तो वे टालमटोल करने लगे। आरोप है कि 20 दिसंबर 2025 को जब पीड़ित अपने रुपये वापस मांगने आनन्द गुप्ता के घर पहुंचा तो वहां उसके साथ बदसलूकी की गई। आरोपियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और उसे भगा दिया।

# मांकडी में एक दिवसीय पंजा प्रतियोगिता का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव मांकडी के सेंट थोम्स पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय पंजा प्रतियोगिता में 60 किलो वजन में अयान अमीपुर गाजियाबाद प्रथम अरबाज पिलखुवा जिला हापुड़ सेकिंड व लव हाजीपुर थाना स्याना थर्ड रहे। 50 किलो वजन प्रतियोगिता में फस्ट अमन शर्मा मांकडी फस्ट। राज कासना नोएडा सेकेंड दीपक डिबाई बुलंदशहर थर्ड रहे।सेंट थोम्स पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय त्यागी ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर जग्गी पहलवान विपिन त्यागी शास्त्री हरिदत्त त्यागी परमात्मा सरन त्यागी प्रकाश त्यागी डब्बू शिवा मास्टर तसलीम मोमीन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। बताते चलें कि 60 किलो में फस्ट रहे अमन शर्मा माकडी को व 60 किलो में फस्ट रहने पर 5100 रुपए व अयान अमीपुर गाजियाबाद को 5100 रुपए देकर सम्मानित किया।इसी तरह 50 किलो में सेंकिंड आये राज कासना नोएडा को 1100 रुपए व 60 किलो में सेंकिड आये अरबाज पिलखुवा को भी 1100 रुपए देकर सम्मानित किया।इसी तरह 50 किलो में थर्ड रहे दीपक डिबाई बुलंदशहर को व 60किलो में भी थर्ड आये लव हाजीपुर बुलंदशहर को 501 रुपए देकर सम्मानित किया।

# कोहरे से फसलों को हो रहा भारी नुकसान

**बुगरासी।** लगातार पड रहे कोहरे से फसलों को भारी नुकसान हो रहा है।आलू व सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान हो रहा हैं। किसान सूर्य प्रताप निवासी चटहेरा ने बताया कि अधिक दिनों तक कोहरा पडते रहने से आलू का तना सूख जाता है जिससे जमीन के नीचे आलू भी सूखने लगता है।इसी तरह सरसों की फसल में कोहरे से चैंपा रोग लग जाता है जिससे सरसों की पैदावार कम हो जाती है।किसानों का यह भी कहना है कि अगर इसी तरह कोहरा पडता रहा तो आलू व सरसों के किसानों को निकट भविष्य में आर्थिक हानि झेलनी पड सकती है। किसान करे तो क्या अब तो बस भगवान का ही सहारा है।

# विधायक ने अपने जन्मदिन के अवसर गरीब विकलांगों को बांटी ट्राई साइकिल

वेलकम इंडिया



**रामघाट/नरौरा/बुलंदशहर।** डिबाई भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी का भाजपा कार्यालय राजघाट पर 62 वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया 38 विकलांगों को रिक्शा वितरण किए

आपको बता दें डिबाई भाजपा विधायक चंद्रपाल सिंह लोधी का गत वर्षो की 62 वें जन्मदिन के अवसर भाजपा कार्यालय पर हवन के साथ केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया विधायक अपने जन्मदिन पर 38 विकलांगों को साइकिल रिक्शा वितरण किए गए वहीं स्नेह मिलन में आए लोगों को प्रसाद वितरण किया।इस मौके पर कार्यकताओं ने विधायक के गले में पट्टा पहनाकर कर पुष्प गुच्छ व गिफ्ट भेंटकर लंबी उम्र की ईश्वर से प्रार्थना की वही स्वरूपानंद आश्रम राजघाट के महामंडलेश्वर महाराज ने भाजपा कार्यालय पर पहुंचकर विधायक व उनके भाई को शॉल ओढ़ाकर माला पहनाकर लंबी उम्र की कामना करते आशीर्वाद दिया। विधायक ने बताया है कि ट्राईसाइकिल (तिपहिया साइकिल) विकलांग व्यक्तियों के लिए बहुत काम आती है, क्योंकि यह उन्हें गतिशीलता, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्रदान करती है; यह उन्हें रोजमर्रा के काम करने, रोजगार पाने और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने में मदद करती है, साथ ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करती है।

इस मौके पर केसरी सिंह चरन सिंह राहुल वर्मा राजवीर एडवोकेट भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव राजेश यादव हरीश लोधी कल्याण सिंह हुकम सिंह रूप किशोर उर्फ भोला भैया दिनेश केपी सिंह अंकुर लोधी परमानंद निषाद मंडल अध्यक्ष राजपाल सिहं सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किन्नर समाज ने रानी किन्नर के जन्मदिन को लेकर खाटू श्याम के कीर्तन से पूर्व बड़े धूमधाम से निकाली कलश यात्रा

वेलकम इंडिया



**सिकंदराबाद/बुलंदशहर।** सिकंदराबाद में किन्नर समाज ने रानी किन्नर के जन्मदिन को लेकर खाटू श्याम के कीर्तन से पूर्व बड़े धूमधाम से निकाली कलश यात्रा बता दे हमारे भारत देश में महिला-पुरुषों के अलावा एक ऐसी नस्ल के लोग हमारे बीच में रहते है जिनको किन्नर कहा जाता है ये लोग है सबकी भलाई के लिए सब बलाओ को अपने उपर लेकर दूसरों की सुख शांति की कामना करते है।

इनही किन्नर समाज के लोगो ने भगवान राम के वन जाने के 14 वर्षों तक वही पर डटे रहे थे क्योंकि भगवान राम ने वन जाते समय कहा था कि सभी नर-नारी वापस अयोध्या लौट जाओ मगर इन किन्नर समाज के लोगों से कुछ भी नही कहा था इसलिए ये लोग वही 14 वर्ष तक डटे रहे थे और जब भगवान राम वापस अयोध्या लौट कर आये थे तो देखा की किन्नर समाज के लोग वही डटे मिले जंहा छोड़कर गये तो भगवान राम ने इन लोगों से पूछा की तुम लोग यहा क्यों डटे हुए हो तो इन लोगों नें की महाराज आपने केवल नर-नारी को वापस जाने को कहा था हम लोगों को नही कहा था इसलिए हम लोग तभी से आपकी आज्ञा के लिए डटे हुए है जब तक आप नही कहेंगे हम नही जायेगे। किन्नर समाज के लोगों की यह बात सुनकर भगवान राम दंग रहे गये और कहा की कलयुग में तुम्हारा राज भी होगा इस बात को सुनकर किन्नर समाज बहुत खुश हुआ। उसी क्रम में आज कलयुग में किन्नर समाज को बढ़-चढ़ कर मान-सम्मान दिया जाता है। गुरुवार को तहसील सिकंदराबाद के किन्नर समाज की मुखिया रानी किन्नर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर खाटू श्याम का कीर्तन का आयोजन नगर के मौहल्ला कायस्थबाड़ा रामबाड़ा में मन कामेश्वर शिवालय पर कराने का निश्चय किया और उससे पूर्व आज सुबह से खाटू श्याम की कलश यात्रा नगर में बड़े धूमधाम से निकाली गई।

इस कलश यात्रा का शुभारंभ नगर के जी0टी रोड़ पर स्थित बलदेव कृष्ण मंदिर से किया गया और नगर के बाजार चौधरीबाड़ा, वैद्यबाड़ा , बड़ा बाजार, हनुमान चौक कबाड़ी बाजार होते हुए एम0एस इंटर कॉलेज के रास्ते से मन कामेश्वर मंदिर पर सकुशल संपन्न हुई। इस कलश यात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कलश धारण कर भाग लिया और किन्नर समाज के लोगों ने भी प्रतिभाग किया। इस कलश यात्रा में डी0जे खाटू श्याम की झांकी शिव बारात राधा-कृष्ण स्वरुप की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बना रहा।

इस कलश यात्रा में स्थानीय पुलिस ने भरपूर सहयोग किया।

# ग्राम प्रधान ने गरीबों में बॉंटे कंबल विकास कार्यों पर हुई चर्चा




वेलकम इंडिया

**पहासू/बुलंदशहर।** पहासू ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैयांपुर में भीषण ठंड के मद्देनजर गरीब और असहाय लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान रोहित कुमार और उनकी धर्मपत्नी पूनम देवी द्वारा संपन्न किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रोहित कुमार ने ग्रामीणों को पंचायत में हुए विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने भविष्य में ग्राम के समग्र विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों का आश्वासन भी दिया। ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रधान और उनकी पत्नी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रोहित कुमार और पूनम देवी के साथ कई गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें सरदार जितेंद्र सिंह दिलावर सिंह बदरखा सरदार कृपाल सिंह धर्मेंद्र बघेल सौरभ कुमार सरदार मान सिंह कमल सिंह मास्टर चंद्रपाल सिंह बाल सिंह पंकज कुमार कैलाश सिंह पंचायत सहायक करन कुमार कोमल सिंह मीणा प्रधान कलुआ सिंह रामवीर सिंह बघेल बाबू प्रधान अरविंद चौधरी बलवीर सिंह नानकचंद शर्मा और कैलाश शर्मा प्रमुख रहे।

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर गोपाल राय को बड़ी उपलब्धि

# इंग्लैंड की संस्था द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से हुए सम्मानित

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**लखनऊ /वाराणसी।** इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ था उक्त अवसर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन धर्म एवं संस्कृति के उत्थान हेतु किए गए उनके उल्लेखनीय एवं निरंतर योगदान के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया

यह सम्मान गोपाल राय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लव जिहाद, आतंकवाद एवं जिहादी ताकतों के विरुद्ध उनके सक्रिय प्रयासों, सनातन संस्कृति की रक्षा, गौ रक्षा तथा पाकिस्तान, बांग्लादेश सहित विश्व के विभिन्न देशों में हिंदुओं एवं हिंदुत्व की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया उनके प्रयासों की वैश्विक स्तर पर सराहना हुई है

अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह के पश्चात गोपाल राय कार द्वारा नई दिल्ली से लखनऊ और लखनऊ आगमन पर गोमती नगर एवं चिनहट में जिलाध्यक्ष शिवम अवस्थी द्वारा स्वागत किया गया उसके बाद लखनऊ से बाराबंकी के लिए प्रस्थान किऐ बाराबंकी जनपद के कोला गाबड़ी पेट्रोल पंप व कनक भारती मंदिर प्रांगड़ में राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, समाज में एकता एवं समरसता स्थापित करने तथा सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया अपने संबोधन में गोपाल राय ने वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस के आयोजकों एवं चयन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है बल्कि सनातन संस्कृति और उसके मूल्यों के लिए समर्पित प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है उन्होंने यह भी संकल्प दोहराया कि भविष्य में भी वे देश विदेश में सनातन संस्कृति की रक्षा एवं उत्थान के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करते रहेंगे।

# काशी पैलेस एन्ड बैंक्वेट में श्री खाटू श्याम के भजन संध्या का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पाश्चात्य संगीत से हटकर नुआव डाफी स्थित ‶काशी पैलेस एन्ड बैंक्वेट मे भव्य श्री खाटू श्याम का भजन संध्या का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर डाक्टर अनूप कुमार जायसवाल निर्देशक (शिव रूद्राक्ष अनुसंधान केंद्र) ने बताया कि 2026 के प्रथम आगमन पर लोग नववर्ष को अलग-अलग तरीके से मना रहे हैं वही डाफी स्थित हमारी संस्था ‶शिव रूद्राक्ष अनुसंधान केंद्र एवं काशी पैलेस एन्ड बैंक्वेट में श्री खाटू श्याम के भजन संध्या का आयोजन किया गया कार्यक्रम की संयोजिका लता मामनानी रहीं इसके अलावा काशी व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे

विशिष्ट अतिथि महेश जायसवाल राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे कार्यक्रम में श्री खाटू श्याम के गीत गाकर नव वर्ष का स्वागत करेंगे उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बुराइयों से दूर प्रत्येक मनुष्य आध्यात्मिक और सनातन संस्कृतियों से लगाओ को बढ़ावा देना है लता मनमानी ने कहा कि मैं अहमदाबाद से आकर शिव रूद्राक्ष अनुसंधान से जुड़ी हूं यहां का वातावरण और अनूप जी का मार्गदर्शन पर लोगों को हिंदुत्व से जोड़ने का काम कर रही हूं इस नव वर्ष में आप सभी काशी वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं साथ में उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर रही हूं मुक्तसर प्रसिद्ध जायसवाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से मनुष्य के मानिवृत्ति परिवर्तन होते हैं और आध्यात्मिक के तरफ लगाव बढ़ता है मैं आभार व्यक्त करता हूं की अनूप जायसवाल ऐसे महान आयोजन पर मुझे विशिष्ट अतिथि के रूप में बुलाया

उक्त कार्यक्रम में डाक्टर अनूप कुमार जायसवाल निर्देशक (शिव रूद्राक्ष अनुसंधान केंद्र), रणजीत केसरी राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय औद्योगिक व्यापार एसोसिएशन, महेश जायसवाल, लता मनमानी सहित मीडिया के अलावा व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे

## नववर्ष पर नादान परिंदे साहित्य मंच द्वारा कंबल, गर्म वस्त्र, खिचड़ी का वितरण



**वाराणसी।** नववर्ष के उपलक्ष्य में सामाजिक व साहित्यिक संस्था नादान परिंदे साहित्य मंच द्वारा गुरुवार को लक्सा मार्ग स्थित चौराहे पर जरूरतमंदों के बीच कंबल, गर्म वस्त्र, खिचड़ी इत्यादि का वितरण किया गया इस मौके पर संस्था के संस्थापक/ अध्यक्ष डॉ.सुबाष चंद्र ने बताया कि नव वर्ष के आगमन पर इस भीषण कड़कड़ाती सर्द में जरूरतमंदों के लिए नर सेवा नारायण सेवा के सिद्धांत पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी तृतीय चरण में कम्बल, ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया साथ ही गरम तहरी खिचड़ी का वितरण किया गया, 80 से 85 की संख्या में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण किया गया उक्त मौके पर संस्था के संरक्षक प्रकाश कुमार श्रीवास्तव गणेश, संस्था के संस्थापक डॉ.सुबाष चंद्र, कोषाध्यक्ष झरना मुखर्जी, पवन सिंह, सुनील सिंह, लक्ष्मी पाठक, सुरैया बानो आजाद, कैलाश मौर्य, सपन कुमार मुखर्जी, श्रीकांत पाण्डेय, बृजेश पाठक, डॉ विनोद त्रिपाठी, कैलाश सिंह विकास, मुकेश पाण्डेय, कैलाश मौर्या, श्रीकांत पांडेय, राहुल मिश्रा, डॉ वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे

## आप नेता संजय सिंह का वाराणसी में दो जनवरी को होगा आगमन



**वाराणसी।** 2 जनवरी 2026 शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के (प्रदेश प्रभारी) राज्यसभा सांसद संजय सिंह वाराणसी आ रहे है ‶रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो‶ पदयात्रा का तीसरा चरण 16 जनवरी से 22 जनवरी 2026 तक विंध्याचल मिर्जापुर से होकर वाराणसी के सारनाथ में समापन होगा जिसकी तैयारी बैठक हेतु वाराणसी अपने कार्यकर्ता साथियों से मिलने के लिए वाराणसी आ रहे हैं इस सूचना से वाराणसी के कार्यकताओं में हर्ष माहौल है।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर युवक झुलसा



**बुलंदशहर।** कोतवाली खुर्जा नगर क्षेत्र के सुभाष रोड बुर्ज उस्मान चौराहे के निकट का मामला है जहां पर निमार्णाधीन दुकान में मजदूरी कर रहा व्यक्ति करंट की चपेट में आने से झुलसा। लेंटर का जाल बांधते दौरान हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से होना बताया जा रहा हादसा। घायल मजदूर आबिद को बचाते दौरान दुकान मालिक युवक भी हुआ घायल। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल मजदूर को किया हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी0 पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशांत वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात के आदेशानुसार रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मों व सकुर्लेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम एवं अपराधियो/वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के निर्देशन में उप निरीक्षक राजबहादुर, क्यूआरटी कर्मचारी हेड कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल इन्द्रजीत थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी सभी लोग रेलवे स्टेशन कैन्ट वाराणसी पर चेकिंग कर रहे थे दौरान चेकिंग पूर्वी छोर काशी सीईड प्लेटफार्म के अन्त मे स्टील गेट के सामने आया तो एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा जिसे शक अपराध की आशंका होने पर प्लेटफार्म नंबर एक पर पकड़ लिया गया

पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए भागने का कारण पूछा गया तो अपना नाम रोहित कुमार पुत्र टुनटुन राम निवासी परमानंदपुर थाना कत्री सराय जिला नालंदा बिहार उम्र 21 वर्ष बताया जिसकी जमा तलाशी से काले कलर का पिट्ठू बैग में 42 अदद फ्रूटी विन्डसर लाईम देशी शराब बरामद हुआ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 001/2026 धारा 60 ए७.अू३ बनाम रोहित कुमार पुत्र टुनटुन राम निवासी परमानंदपुर थाना कत्री सराय जिला नालंदा बिहार उम्र 21 वर्ष पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की गई

अभियुक्त के पास से कुल बरामदगी 8.400 लीटर देशी शराब, कुल 42 अदद फ्रूटी विन्डसर लाईम देशी शराब प्रत्येक की मात्रा 200 एमएल बरामद किया गया जिसकी कुल अनुमानित कीमत 3360 रुपए हैं

गिरफ्तार करने वाली टीम में रजोल नागर प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, उप निरीक्षक राजबहादुर थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, हेड कांस्टेबल पवन कुमार थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी, कांस्टेबल इन्द्रजीत थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी की पुलिस टीम शामिल रहीं।

## टिकट निरीक्षक रत्ना श्रीवास्तव एवं अशोक तिवारी रेल सेवा से हुए सेवानिवृत्त




**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** टिकट निरीक्षक रत्ना श्रीवास्तव एवं अशोक तिवारी 31दिसम्बर 2025 बुधवार को रेल सेवा से हुए सेवानिवृत्त वाराणसी जंक्शन पर मुख्य टिकट निरीक्षक (इंचार्ज) कार्यालय मे विदाई एवं सम्मान समारोह में दोनो टिकट निरीक्षक को चेकिंग स्टाफ ग्रुप उत्तर रेलवे वाराणसी की तरफ से सम्मानित कर विदाई दी गयी इस कार्यक्रम में मुख्य टिकट निरीक्षक इंचार्ज जनार्दन सिंह के साथ एस के पाण्डेय, प्रवीन कुमार, संजय सिंह, राजेश तिवारी, पवन सिंह, प्रतिभा सिंह, पूजा चौबे, निकिता सिंह, पूजा गुप्ता एवं कुछ वरिष्ठ रिटायर्ड साथी उपस्थित रहे ।

मंच का संचालन मुख्य टिकट निरीक्षक वाई के मिश्रा द्वारा किया गया साथ ही मुख्य टिकट निरीक्षक एस के पाण्डेय, महेश यादव और टिकट निरीक्षक श्याम बिहारी यादव को पीसीसीएम अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया गया।

# नववर्ष पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को खिलाई मिठाई



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** नववर्ष के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में वर्ष 2026 के लिए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि वर्ष 2026 में पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान की जाएगी तथा आगामी पंचायत चुनावों में पूरी सक्रियता, एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने सभी कांग्रेसजनों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आने वाला वर्ष संगठन के लिए नई ऊर्जा और नए संकल्पों का वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के मुद्दों को लेकर मजबूती से संघर्ष करेंगे और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे। नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के संदेशों को जनजन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, नरेंद्र चौधरी, किशन चौधरी, नईम मंसूरी, मनीष चतुर्वेदी, आशु कुरैशी, सचिन वशिष्ठ, कुंवर आदिल, पूजा शर्मा, नरेश शर्मा, मुनेश शर्मा, इशांक उर्फ इशू शर्मा, जेपी शर्मा, राजेंद्र जाटव, सरोज शर्मा, कासिम खान आदि रहे।

## श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य की 726वीं प्राकट्य महोत्सव पर नवदिवसीय श्रीराम कथा दो जनवरी से

**वेलकम इंडिया**



**वाराणसी।** श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य की 726वीं प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर श्री रामानंद विश्व हितकारिणी परिषद एवं श्री वैष्णव विरक्त संत समाज, काशी के संयुक्त तत्वावधान में नवदिवसीय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 2 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक दोपहर एक से सायं चार बजे तक श्रीराम मंदिर गुरुधाम वाराणसी में किया जाएगा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे श्रीराम कथा के कथावाचक श्रीमद् जगतगुरु काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ.राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज होंगे इस अवसर पर संत सम्मेलन, विद्वत सम्मेलन, कवि सम्मेलन तथा संस्कृत छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी विशिष्ट कार्यक्रम होंगे

यह जानकारी श्री रामानंदाचार्य विश्व हितकारिणी परिषद के अध्यक्ष व कथावाचक श्रीमद् जगतगुरु काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉक्टर राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने एक जनवरी गुरुवार को श्रीराम मंदिर गुरुधाम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्र प्रतिनिधियों से बातचीत में दी उन्होंने कहा कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य की प्राकट्य दिवस पर आगामी 10 जनवरी 2026 को अस्सी घाट से प्रातः आठ बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो अस्सी, लंका, संकटमोचन, दुगार्कुंड, खोजवां, गुरुधाम चौराहा होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी

गाजा बाजा के साथ बग्गी पर सवार शोभायात्रा में काशी के संत समाज सहित काफी संख्या में श्रद्धालु एवं महिलाएं कलश लिए चलेंगी श्रीराम मंदिर पहुंचने पर वहां वृहद संत सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें विशिष्ट धमार्चार्यों द्वारा जगद्गुरु रामानंदाचार्य के व्यापक प्रभाव पर विचार व्यक्त किए जायेंगे।

# गोवर्धन रोड पर बह रहा गंदा पानी

**वेलकम इंडिया**

- राधा सिटी आदि कालोनियों को एमवीडीए ने कैसे किया अप्रूव्ड
- गंदे पानी से संतोहा और कामिनी में वन वे बना हुआ है रोड़

**मथुरा।** जनपद के व्यस्ततम गोवर्धन रोड़ का हाल बेहाल है। अनेक वीआईपी और आला अफसर हर दिन यहीं से गुजरते हैं लेकिन किसी का इस ओर ध्यान नहीं गया। इस मार्ग पर खामनी गांव में और एमवीडीए अप्रूव्ड राधा सिटी कालोनी के गंदे पानी के सड़क पर आने से फोर लेन रोड़ सिंगल लेन बन गया है। तेज रफ्तार वाहन जल्दी निकलने के चक्कर में दुर्घटनाओं के जनक बन रहे हैं। गौरक्षा पवन दुबे ने सोस्यल मीडिया के माध्यम से इस समस्या की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है।

उल्लेखनीय है कि मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के किसी भी कालोनी को अप्रूव्ड करने के नियम काफी कड़े हैं लेकिन श्री ग्रुप की गोवर्धन रोड़ सतोहा के निकट स्थित राधा सिटी कालोनी जिसके गंदे पानी के निस्तारण का इंतजाम नहीं कैसे अप्रूव्ड कर दिया। पूरी कालोनी बसने के बाद जब कालोनी का गंदा पानी फोरलेन गोवर्धन रोड को खराब कर रहा है तब हकीकत सामने आई है। इधर राधा सिटी रैजिडेंसियल वैलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष हरीमोहन शर्मा ने बताया कि पानी का निकास गुलमोहर, मन्नत, विंटेज आदि सभी कालोनियों का होना है।

पहले पीडब्ल्यूडी ने सड़क किनारे नाला बनाया। बाद में इसे तोड़कर एमवीडीए ने करीब दो करोड़ की लागत से यही काम शुरू किया लेकिन नाला गुलमोहर से राधा सिटी तक ही बना है। वह आगे बने और एसटीपी से शोधित कालोनियों का पानी मथुरा स्केप में डले तब समस्या का समाधान हो। उन्होंने यह भी बताया कि आसपास आधा दर्जन से ज्यादा कालोनी विकसित हो चुकी हैं। जल्द नाला निर्माण नहीं हुआ तो हर व्यक्ति के लिए मुश्किलें पैदा होंगी। इधर खामनी गांव में भी सालों से सड़क पर पानी बहना आम हो चला है।



# मोदीनगर की जनसमस्याओं को लेकर इंडिया गठबंधन करेगा बड़ा आंदोलन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** छतरी वाला मंदिर स्थित कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता भिकारी लाल कश्यप ने की, जबकि संचालन कांग्रेस नेता सुनील शर्मा द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, प्रदेश सचिव कालूराम धामा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र त्यागी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सैन, आम आदमी पार्टी के हरेंद्र शर्मा सहित अन्य नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि मोदीनगर की जनता लंबे समय से बुनियादी समस्याओं से जूझ रही है, जिनकी लगातार अनदेखी की जा रही है। नेताओं ने कहा कि नगर पालिका में सफाई के नाम पर हो रही अवैध वसूली, हापुड़ रोड व तिबड़ा रोड पर लगने वाले भीषण जाम, मोदीनगर में रेल ठहराव की मांग, मिल की छाई (राख) से हो रही जनहानि सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर इंडिया गठबंधन आने वाले समय में व्यापक आंदोलन करेगा। बैठक में मौजूद गठबंधन नेताओं ने संकल्प लिया कि वर्ष 2027 में उस राजनीति को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा, जो धर्म और आस्था के नाम पर वोट लेकर सत्ता में आती है और बाद में किसानों, मजदूरों, अति पिछड़ों एवं आम जनता के संवैधानिक अधिकारों का हनन करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा नीतियों के कारण निजीकरण, महंगाई, बेरोजगारी, बिजली-रोड टैक्स में बढ़ोतरी हो रही है और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष सचिन दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष मनीष बंसल, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, कृष्णा रुहेला (प्रदेश सचिव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ), सभासद प्रदीप शर्मा, कमलेश चौधरी, सुनील दवेदी, दीनू खान, ऋषि शर्मा, मोंटी, आत्म प्रकाश शर्मा, सुरेश दौसा, चैत्रे जाटव, ओम शर्मा, अभिनव शर्मा, कल्पना सिंह (महिला अध्यक्ष), मुकुल शर्मा, विशाल कौशिक, अमजद खान, जहूर खान, अश्वनी शर्मा, जगपाल सिंह, फकीर चंद कश्यप, लक्की कश्यप, गजेंद्र सिंह अधिवक्ता, ओमपाल शर्मा, रामकिशन शर्मा, चांदवीर चौधरी, दीपक प्रजापति सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीकरी महामाया मंदिर पर प्रसाद का वितरण किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** । नववर्ष के शुभ अवसर पर सीकरी महामाया मंदिर पर प्रसाद का वितरण किया तथा माता रानी का आशीर्वाद लिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ने कहा कि नए साल पर मां भगवती सभी का मंगल करें। इस मौके पर हमारे क्षेत्र की विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच ने भी प्रसाद वितरण कर माता रानी का आशीर्वाद लिया । भंडारे में नरेंद्र त्यागी हापुड़, राजीव त्यागी संजय भदोला गोलू त्यागी मयंक त्यागी भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय त्यागी ने भंडारे में ने माता रानी का आशीर्वाद लियाऔर प्रसाद वितरण किया।

# नववर्ष सभी संगतो के द्वारा एक साथ बड़ी श्रद्धा भावना से मनाया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में नववर्ष सभी संगतो के द्वारा एक साथ बड़ी श्रद्धा भावना से मनाया गया। गुरुद्वारा परिसर में सभी श्रद्धालुओं ने वाहेगुरु नाम सिमरन करते हुए नव वर्ष का आगमन किया नोएडा से आए कीर्तनी जत्था ज्ञानी अमरजीत सिंह ने गुरबाणी कथा व कीर्तन करते हुए सभी संगतो को वाहेगुरु वाहेगुरु नाम सिमरन करवाते हुए 2025 से 2026 में ले गए सभी श्रद्धालु संगतो ने बड़ी नम्रता के साथ कीर्तन सुना तथा गुरुद्वारा के ग्रंथि ज्ञानी जोरावर सिंह द्वारा कथा कीर्तन करके संगतो को निहाल किया। गुरु का लंगर अटूट बाटा गया। सभी संगतो ने बड़े ही प्रेम भाव से लंगर प्रसाद ग्रहण करा और बोले सो निहाल के जयकारे लगाए आगे आने वाले समय में भी इस तरह के समागम कीर्तन गुरुद्वारा साहिब में होते। इसमें आप सभी श्रद्धालुओं का पूर्ण रूप से सहयोग चाहिए इस सेवा में सभी सेवादार उपस्थित रहे1 सरदार गुरमीत सिंह सरदार सुरजीत सिंह सरदार दलवीर सिंह सरदार बलविंदर सिंह सरदार मनमोहन सिंह सरदार तरनजीत सिंह सरदार नवदीप बत्रा सरदार मंजीत सिंह सरदार भूपेंद्र पाल सिंह सरदार सतवंत सिंह सरदार हरजीत सिंह स्त्री सत्संग से कवलजीत कौर रंजीत कौर मनजीत कौर हरबीर कौर सर्वजीत कौर गुरविंदर कौर हरिंदर कौर रोजी, सिमरन, जितेंद्र कौर वीरेंद्र कौर मनदीप ढिल्लों आदि उपस्थित रहे।

# माहेश्वरी समाज ने चाय बिस्कुट के साथ गर्म कपड़ों का किया वितरण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** नववर्ष के उपलक्ष में पूर्व की भांति माहेश्वरी समाज बेगमाबाद द्वारा चाय बिस्कुट के साथ जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए गए।माहेश्वरी समाज द्वारा पूर्व की भांति दिल्ली मेरठ मुख्य मार्ग पर मेजर आसाराम त्यागी की प्रतिमा स्थल के सामने नव वर्ष के उपलक्ष में प्रातः गरम चाय तथा जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए गए।समाज के अध्यक्ष गौरव महेश्वरी व सचिव रामबाबू महेश्वरी ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को की मदद करना ही भगवान की सच्ची भक्ति है साधन संपन्न लोगों को जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष गौरव माहेश्वरी सचिव रामबाबू महेश्वरी ललित महेश्वरी अजय माहेश्वरी हिमांशु महेश्वरी राम अवतार कुलदीप निकुंज परवीन लोकेश ललित संजीवनी वाले अमित दीनबंधु दिनेश माहेश्वरी आदि समाज के लोगों ने सहयोग किया।

# रूहेला राजपूत समाज की पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाकर्म कर रही है-मुकेश प्रताप

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारतीय सोहिला क्षत्रीय महासभा रजि०,के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह रूहेला ने बताया कि रूहेला राजपूत समाज की पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाकर्म कर रही है।

उन्होंने बताया कि भारतीय सोहिला क्षत्रीय महासभा रजि० भारत जो कि एक सवैधानिक संस्था है एवं विधि द्वारा स्थापि रूहेला राजपूत समाज की पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाकर्म कर रही है। रजिस्टार कार्यालय दिल्ली से पूर्णतः सत्य प्रमाणित संस्था है। जो रूहेला राजपूत समाज से विनम्र आग्रह करना चहाता है कि संगठन वर्ष 2018 से राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश प्रताप सिंह रूहेला के नेतृत्व में रूहेला राजपूत समाज की पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाकर्म कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उनके बारे में फर्जी अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जिनसे समाज को भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज के लोगों से एकजुट रहने की अपील की।

## गर्लफ्रेंड संग घूम रहे शादीशुदा युवक को पत्नी ने पकड़ा, कार तोडफोड़ का वीडियो वायरल

**गाजियाबाद।** नए साल का जश्न मनाने नैनीताल पहुंचे गाजियाबाद के एक शादीशुदा युवक की सैर उस वक्त हंगामे में बदल गई, जब उसकी पत्नी परिवार के साथ वहां जा पहुंची। पति के साथ मौजूद गर्लफ्रेंड मौके से फरार हो गई, जबकि गुस्से में आई पत्नी ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। कार में तोडफोड़ और महिला के आक्रोश का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, युवक बीते चार दिनों से घर से गायब था और पत्नी के फोन कॉल का कोई जवाब नहीं दे रहा था। लगातार तलाश के बाद पत्नी को पता चला कि उसका पति नैनीताल में है। इसके बाद वह अपने परिजनों के साथ वहां पहुंच गई। होटल के पास खड़ी कार देखकर पत्नी ने पति को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि युवक ने गाड़ी नहीं रोकी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पत्नी कार के बोनट पर बैठ गई।

# तीन बसें खरीदकर 20.25 लाख की धोखाधड़ी, कारोबारी को धमकाने का भी आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में टूर एंड ट्रैवल कारोबारी से तीन बसें खरीदकर 20.25 लाख रुपये हड़पने और बाद में जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर डीसीपी ट्रांस हिंडन के निर्देश के बाद कौशांबी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कौशांबी क्षेत्र में न्यू इंटरनेशनल टूरिस्ट के नाम से टूर एंड ट्रैवल का व्यवसाय करने वाले रमाशंकर मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने गुरुग्राम निवासी श्रवण कुमार को अपनी दो बसें 11.75 लाख रुपये में बेची थीं। इस सौदे के दौरान आरोपी ने केवल 3.50 लाख रुपये का भुगतान किया और शेष रकम बाद में देने का भरोसा दिलाया। इसके कुछ समय बाद श्रवण कुमार ने उनसे एक और बस 12 लाख रुपये में खरीदी और इस बार लिखित अनुबंध करने से इनकार करते हुए कहा कि वह पूरी रकम एकमुश्त दे देगा। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने किसी भी सौदे का पूरा भुगतान नहीं किया। जब भी रुपये की मांग की जाती, वह कुछ समय और देने की बात कहकर टालता रहा। इस तरह सात वर्ष बीत गए, लेकिन बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। अब आरोपी ने साफ तौर पर रुपये देने से इनकार कर दिया है। रमाशंकर मिश्रा का कहना है कि तकादा करने पर श्रवण कुमार उन्हें जान से मारने की धमकी भी देता है। पीड़ित ने पहले हरियाणा पुलिस से मामले की शिकायत की, लेकिन वहां घटनास्थल गाजियाबाद का बताकर रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने डीसीपी ट्रांस हिंडन से शिकायत की।

## उधार के एक लाख के चेक को 11 लाख का बनाकर लगाने का आरोप

**गाजियाबाद।** नंदग्राम थाना क्षेत्र में उधार की रकम के बदले दिए गए एक लाख रुपये के चेक में हेराफेरी कर उसे 11 लाख रुपये का बनाकर बैंक में लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपी पर न केवल धोखाधड़ी, बल्कि रकम न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और हत्या कराने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राधाकुंज निवासी गौतम कुमार के अनुसार उनके अमित कुमार पोरवाल से अच्छे संबंध थे। इसी विश्वास के चलते उन्होंने कुछ समय पहले अमित से एक लाख रुपये उधार लिए थे। रकम लौटाने के लिए गौतम कुमार ने 29 अक्तूबर 2025 की तारीख का एक लाख रुपये का चेक अमित को सौंप दिया था। आरोप है कि अमित कुमार पोरवाल ने चेक में हेराफेरी करते हुए एक लाख की राशि को बदलकर 11 लाख रुपये कर दिया और उसे बैंक में लगा दिया। गौतम कुमार को इस फजीवाड़े की जानकारी तब हुई।

# शादी से इनकार पर युवती को जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने रिश्तेदारी के युवक पर लगातार छेडखानी करने, जबरन शादी का दबाव बनाने, तय रिश्ता तुड़वाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी शादी न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से भयभीत है। राजेंद्र नगर निवासी युवती के अनुसार उनकी बुआ के भांजे नितिन शर्मा से रिश्तेदारी के कारण सामान्य बातचीत होती थी। इसी दौरान परिजनों ने उनका विवाह कहीं और तय कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही नितिन वहां पहुंच गया और आरोप है कि उसने युवक के परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर यह रिश्ता तुड़वा दिया। इसके बाद से आरोपी लगातार उन्हें परेशान करने लगा। पीड़िता ने बताया कि नितिन के खिलाफ उन्होंने पहले नोएडा के सेक्टर-58 थाने में भी शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय आरोपी ने पुलिस के समक्ष लिखित रूप से माफी मांगते हुए भविष्य में इस तरह की हरकत न करने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद पुलिस ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। हालांकि इसके बाद भी आरोपी की हरकतें बंद नहीं हुईं। आरोप है कि नितिन अक्सर उनके घर के आसपास खड़ा रहता है और गलत नजर से देखता है। पीड़िता के अनुसार 25 दिसंबर को जब वह अपने भाई और सहेली के साथ मंदिर जा रही थी, तभी आरोपी ने रास्ते में उनकी कार रुकवाकर उन्हें धमकाया।

उसने साफ शब्दों में कहा कि या तो वह उससे शादी कर ले या फिर उसे जान से मार दिया जाएगा। इस घटना के बाद से युवती बेहद डरी और असुरक्षित महसूस कर रही है।

## करहैड़ा कट के पास दर्दनाक सड़क हादसा, दो मॉल कर्मियों की मौत

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र के करहैड़ा कट के पास बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो मॉल कर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथ चल रहा तीसरा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब तीनों दोस्त देर रात करीब दो बजे राजनगर एक्सटेंशन स्थित दिल्ली-6 मॉल से काम खत्म कर अपने घर लौट रहे थे। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, बाइक सवार दो मॉल कर्मियों की तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। इसी दौरान पीछे से साथ चल रही तीसरे दोस्त की स्कूटी भी बाइक से टकरा गई, जिससे स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर स्वजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और तीनों युवकों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने अंशुल और ललित को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल युवक का उपचार जारी है। तीनों युवक साहिबाबाद क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं और मॉल में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हादसे के समय मृतक युवकों ने शराब का सेवन किया था या नहीं। इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात हुए इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## साझेदारी के नाम पर 2.11 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक निर्माण कंपनी संचालक ने साझेदारी के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि परियोजना में साझेदारी के दौरान उनके साथ 2.11 करोड़ रुपये की आर्थिक धोखाधड़ी की गई और बाद में कानूनी नोटिस भेजकर उन्हें डराने का प्रयास किया गया।

इंदिरापुरम क्षेत्र के ज्ञान खंड-दो निवासी नितिन शर्मा एक निर्माण कंपनी का संचालन करते हैं। उनके अनुसार दिसंबर 2023 में मेगा माउंड नामक कंपनी के संचालक योगेश मेहरा से उनकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान योगेश मेहरा ने खुद को सक्षम सिविल निर्माण कंपनी संचालक बताते हुए उनके साथ कार्य करने की इच्छा जताई। योगेश मेहरा के आश्वासन पर नितिन शर्मा ने लगभग पांच करोड़ रुपये की एक निर्माण परियोजना में उन्हें भागीदार बनाया और कार्य की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी। आरोप है कि कार्य पूरा होने से पहले जब परियोजना के खातों की जांच कराई गई तो सामने आया कि योगेश मेहरा की कंपनी ने उनकी कंपनी से 2.11 करोड़ रुपये अतिरिक्त प्राप्त कर लिए हैं। जांच में जीएसटी और अन्य वित्तीय मदों में भी गंभीर अनियमितताएं पाए जाने का दावा किया गया है। इसके अलावा निर्धारित समयसीमा 19 दिसंबर 2023 तक परियोजना पूरी नहीं की गई और अंततः योगेश मेहरा ने बीच में ही परियोजना छोड़ दी। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने खर्चों का हिसाब मांगा तो संबंधित कंपनी की ओर से उन्हें कानूनी नोटिस भेजा गया। इसके बाद नोटिसों का सिलसिला चलता रहा।

## अब हर ग्राम पंचायत की होगी यूनिक पहचान, जारी होगा छह अंकों का कोड

गाजियाबाद। पंचायती राज विभाग जिले की सभी ग्राम पंचायतों को एक विशिष्ट पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को एक छह अंकों का यूनिक कोड जारी किया जाएगा, जिससे किसी भी पंचायत से जुड़ी पूरी जानकारी कंप्यूटर और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आसानी से देखी जा सकेगी। जिले के चार विकास खंडों में स्थित कुल 142 ग्राम पंचायतों के लिए यह व्यवस्था लागू की जाएगी। पंचायती राज विभाग ने पंचायतों को यूनिक पहचान संख्या देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर पंचायतों के मूल्यांकन को अधिक पारदर्शी, सटीक और सुलभ बनाना है। नई प्रणाली लागू होने के बाद पंचायतों की कार्यप्रणाली, विकास कार्यों की प्रगति और योजनाओं के क्रियान्वयन पर नजर रखना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो जाएगा। जिला पंचायती राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने बताया कि यह पहल सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ाने और जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर यूनिक कोड दर्ज करते ही संबंधित पंचायत से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध हो जाएंगी। इस पोर्टल पर पंचायत में उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं, कराए गए और चल रहे विकास कार्य, प्राप्त और खर्च की गई निधि का विवरण, ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के नाम व उनके संपर्क नंबर जैसी सूचनाएं सार्वजनिक रूप से देखी जा सकेंगी।

# पीएमएवाई के तहत 856 भवनों के आवंटन पत्र जारी कर लाभार्थियों को पट्टा व कब्जा प्रदान करने की प्रक्रिया तेज की



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों के लिए आवंटन और कब्जा वितरण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सचिव महोदय की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में बताया गया कि प्राधिकरण की पांच प्रमुख योजनाओं मधुबन-बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर (राजनगर एक्सटेंशन) और निवाड़ी (मोदीनगर) में निर्मित कुल 3496 ईडब्ल्यूएस भवनों में से 2239 भवनों का आवंटन किया जा चुका है। इसमें लगभग 2002 लाभार्थियों को आवंटन पत्र वितरित किया जा चुका है। समीक्षा में यह भी जानकारी दी गई कि निजी विकासकताओं की 11 योजनाओं में निर्मित 6481 ईडब्ल्यूएस भवनों में से 2754 भवनों का आवंटन कर लगभग 2295 लाभार्थियों को आवंटन पत्र जारी किया जा चुका है। वर्तमान में निजी विकासकताओं की तीन योजनाओं में आवेदनों का सत्यापन एवं ड्रॉ की प्रक्रिया चल रही है, जबकि दो अन्य योजनाओं में आवेदन प्रक्रिया 15 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। विशेष रूप से निजी विकासकर्ता एटीएस ग्रैंड रियलटर्स की सुल्तानपुर सिकरोड़ योजना में 789 भवनों में से 786 का आवंटन किया जा चुका है और लगभग 770 आवंटियों को पत्र जारी कर दिया गया है। मधुबन-बापूधाम योजना में 856 भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और 836 भवनों के आवंटन पत्र वितरण के साथ लगभग 548 लाभार्थियों ने सभी किस्तों का भुगतान कर दिया है। समीक्षा में सचिव महोदय ने निर्देश दिए कि लाभार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल पर आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा कर पट्टा विलेख और कब्जा जारी किया जाए। इसके अलावा, जमा धनराशि की रसीदों का सत्यापन और लेखा जांच के बाद अगले सप्ताह सभी विधिक औपचारिकताओं को पूर्ण किया जाएगा। बैठक में सचिव महोदय ने अधिकारियों से योजना के क्रियान्वयन में समन्वय बढ़ाने, फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत करने और लाभार्थियों को योजना का अधिकतम लाभ देने का आह्वान किया। इस अवसर पर पीएमएवाई सेल के प्रभारी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता और कनिष्ठ लिपिक समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। सचिव महोदय ने सभी अधिकारियों को योजनाबद्ध और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# नगर निगम मुख्यालय में नव वर्ष के पहले दिन दिखा उत्साह

## अधिकारियों-पार्षदों संग विकास कार्यों को गति देने पर हुआ मंथन

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** नगर निगम मुख्यालय पर नव वर्ष 2026 के प्रथम दिन गुरुवार को उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल देखने को मिला। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए निगम अधिकारियों, माननीय पार्षदों एवं जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की और शहर के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने वर्ष 2026 के लिए निगम अधिकारियों को स्पष्ट लक्ष्य देते हुए कहा कि शहर हित में चल रही परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करना प्राथमिकता होगी। नव वर्ष के मौके पर निगम मुख्यालय पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम मोदीनगर, सचिव गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर आयुक्त को शुभकामनाएं दीं। सभी अधिकारियों ने शहर के विकास के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने पर सहमति जताई। इसके साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं एवं डीवीएफ टीम द्वारा नगर आयुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर निगम के चल रहे विकास कार्यों की सराहना की गई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम के समस्त विभागों के अधिकारियों से मुलाकात करते हुए वर्ष 2026 के लिए स्पष्ट कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने निर्देश दिए कि निगम की 14 प्रमुख परियोजनाओं को आगामी छह माह के भीतर, जून 2026 तक हर हाल में रफ्तार देते हुए पूर्ण किया जाए। निर्माण विभाग को सीएम ग्रिड फेस-2, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, विजयनगर कार्यालय भवन, सेफ सिटी परियोजना के अंतर्गत 350 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, कार्कस प्लांट सहित अन्य निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा उद्यान विभाग को उपवन योजना, बायोडायवर्सिटी पार्क और मियावाकी पद्धति के विस्तार से जुड़े कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने को कहा गया। नगर आयुक्त ने विजयनगर में बन रहे तीसरे एबीसी सेंटर को जनवरी माह में ही पूर्ण करने के विशेष निर्देश दिए।

## नव वर्ष पर जीडीए के नवनियुक्त सचिव का भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नव वर्ष के शुभ अवसर पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त सचिव विवेक मिश्रा का आत्मीय और गरिमामय स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें नव दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए गाजियाबाद के विकास को नई दिशा मिलने की अपेक्षा जताई गई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कहा कि विवेक मिश्रा जैसे अनुभवी और कार्यकुशल अधिकारी के सचिव पद पर आने से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और अधिक पारदर्शी व जनोन्मुखी होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में जीडीए शहर के नियोजित विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। नवनियुक्त सचिव विवेक मिश्रा ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्राधिकरण की योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही। नव वर्ष के अवसर पर हुए इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जहां सभी ने गाजियाबाद के समग्र विकास और बेहतर भविष्य के लिए सहयोग और सहभागिता का संकल्प दोहराया।

## वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** डीसीपी नोएडा, यमुना प्रसाद की हुई पदोन्नति, बनाए गए डीआईजी, वर्दी पर सितारा लगाते हुए कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह और एडिशनल कमिश्नर डॉ राजीव नारायण मिश्रा।

## नववर्ष के जश्न पर भारी पड़ी जहरीली हवा, योजनाओं और खर्च पर उठे सवाल

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** एक ओर जिले में लोग नववर्ष का जश्न मनाते नजर आए, तो दूसरी ओर प्रदूषण के कारण गाजियाबाद के लोगों की सांसें घुटती रहीं। बीते चार वर्षों की तुलना में इस बार नववर्ष के दिन जिले की हवा सबसे अधिक जहरीली दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक 356 रिकॉर्ड किया गया, जो गंभीर श्रेणी के बेहद करीब है। इस आंकड़े के साथ गाजियाबाद दिल्ली और नोएडा के बाद एनसीआर का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर बन गया। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2021 में नववर्ष के दिन जिले का एक्यूआई सबसे अधिक 470 दर्ज किया गया था, जो अत्यंत गंभीर श्रेणी में आता है। इसके बाद 2022 में यह 352 रहा, जबकि 2023 में नववर्ष पर सबसे कम 209 एक्यूआई दर्ज हुआ था, जिसे खराब श्रेणी में रखा गया। वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 236 और वर्ष 2025 में 237 रहा, लेकिन वर्ष 2026 की शुरूआत 356 एक्यूआई के साथ सबसे अधिक प्रदूषित नववर्षों में शामिल हो गई है।

दिलचस्प यह है कि जिले के लोगों को प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए हर वर्ष योजनाएं बनाई जाती हैं। नगर निकाय प्रदूषण रोकथाम के नाम पर करोड़ों रुपये का बजट खर्च करने का दावा करते हैं। सड़कों पर पानी का छिड़काव, मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों से धूल हटाना, टूटी सड़कों का मेंटेनेंस और निर्माण स्थलों पर निगरानी जैसे उपायों को कागजों में प्रभावी बताया जाता है। इन सभी कार्यों की निगरानी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा की जाती है। इसके बावजूद जमीनी हकीकत यह है कि साल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन तक अधिकांश समय जिले की हवा खराब या जहरीली श्रेणी में बनी रहती है। साफ हवा की उम्मीद में साल दर साल गुजरते जा रहे हैं, लेकिन हालात में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आता। योजनाएं बनती हैं, बजट खर्च होता है, लेकिन आमजन को शुद्ध हवा अब भी नसीब नहीं हो पा रही है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह का कहना है कि हर वर्ष प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कार्ययोजना बनाई जाती है और उस पर अमल भी किया जाता है। प्रदूषण का स्तर केवल मानवीय गतिविधियों पर ही नहीं, बल्कि मौसम और हवा की गति पर भी निर्भर करता है। हवा की रफ्तार कम होने और नमी बढ? पर प्रदूषण का स्तर स्वतः बढ़ जाता है। फिलहाल नववर्ष की शुरूआत जहरीली हवा के साथ होने से एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या केवल योजनाएं और खर्च ही पर्याप्त हैं, या अब प्रदूषण से निपटने के लिए जमीनी स्तर पर ठोस और स्थायी समाधान की जरूरत है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का भव्य शुभारंभ, सुरक्षित सड़कों का लिया गया संकल्प

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित यातायात व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार यह अभियान 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक पूरे माह संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्योति मौर्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव लाना है, ताकि यातायात नियमों का पालन भय के कारण नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के भाव से किया जाए। उन्होंने बताया कि अधिकांश सड़क हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं, जिन्हें जागरूकता, अनुशासन और संयम से काफी हद तक रोका जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) योति मौर्या ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि लोग स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि हर जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सिया राम वर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, ओवरलोडिंग और गलत दिशा में वाहन चलाने से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के प्रति आमजन को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां अनेक अनमोल जिंदगियों को बचा सकती हैं। इस अवसर पर सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) पी.के. सिंह द्वारा उपस्थित जनसमूह को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी ने यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन संचालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने सड़क सुरक्षा से जुड़े प्रचार-प्रसार को गति देने के लिए परिवहन विभाग के जागरूकता वाहनों और इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में माननीय विधायक श्री संजीव शर्मा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ज्योति मौर्या, आरटीओ (प्रशासन) पी.के. सिंह, आरटीओ (प्रवर्तन) डॉ. सिया राम वर्मा, एआरटीओ (प्रवर्तन) अमित राजन राय एवं मनोज कुमार मिश्रा, पीटीओ राजेश्वर कुशवाहा एवं जीत बहादुर सिंह, यातायात निरीक्षक श्री संतोष कुमार चौहान, ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, महासचिव अमित भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक और आम नागरिक उपस्थित रहे।

## लोन की किश्त लेने गए रिकवरी एजेंटों को बनाया बंधक, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मुरादनगर थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में लोन की किश्त वसूलने गए दो रिकवरी एजेंटों को बंधक बनाकर मारपीट किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित एजेंटों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हापुड़ की विकास कॉलोनी निवासी राहुल एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शेरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने उनकी कंपनी से लोन लिया था। शुरूआत में उसने समय पर किश्तें जमा कीं, लेकिन बीते चार महीनों से वह किश्त नहीं दे रहा था। कई बार फोन करने के बावजूद आरोपी कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। इसी के चलते मंगलवार दोपहर राहुल अपने साथी पुनीत के साथ गांव में किश्त लेने पहुंचे थे। आरोप है कि आरोपी ने दोनों एजेंटों को अपने घर बुलाया और अंदर बंद कर दिया।

## मधुबन-बापूधाम में किसानों को मिलेगा विकसित भूखंड का आवंटन पत्र

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक ओर जहां हरनंदीपुरम आवासीय योजना के तहत आठ राजस्व ग्रामों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है, वहीं दूसरी ओर वह मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में कृषकों से किए गए अपने वर्षों पुराने वादे को भी पूरी निष्ठा के साथ निभा रहा है। वर्ष 2004 में मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना के अंतर्गत कास्तकारों से क्रय की गई भूमि के बदले विकसित भूखंड देने का जो आश्वासन जीडीए ने दिया था, वह अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना कुल 1374 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जा रही है, जिसमें से करीब 800 एकड़ भूमि का क्रय कास्तकारों से किया गया था। उस समय जीडीए ने यह वादा किया था कि भूमि देने वाले किसानों को नियमानुसार 6/4 प्रतिशत विकसित भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसी क्रम में 27 और 28 नवंबर 2025 को हिन्दी भवन में किसानों की मौजूदगी में पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी आयोजित कर 762 भूखंडों का आवंटन किया गया, जिससे लंबे समय से लंबित चली आ रही कृषकों की समस्याओं का समाधान हुआ। अब जीडीए द्वारा किसानों को आवंटित भूखंडों के विशेष नंबर सहित आवंटन पत्र वितरित किए जाएंगे।

## प्रॉपर्टी के लालच में एयरफोर्स सेवानिवृत्त अधिकारी की गोली मारकर हत्या, एक आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी में एयरफोर्स से सेवानिवृत्त अधिकारी योगेश की हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस जघन्य वारदात के पीछे किसी बाहरी दुश्मन का नहीं, बल्कि मृतक के अपने ही बेटों का हाथ था। प्रॉपर्टी के लालच में दोनों बेटों ने अपने पिता की हत्या की साजिश रची और पांच लाख रुपये की सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलवाया। पुलिस के अनुसार, मृतक के बेटों ने अपने पड़ोसी अरविंद को सुपारी दी थी। अरविंद ने अपने जीजा नवीन के साथ मिलकर पांच दिन पहले बाइक सवार बदमाशों के रूप में योगेश की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी नवीन उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है और वर्तमान में कौशांबी जिले में तैनात है। घटना के बाद से मृतक के दोनों बेटे और सिपाही नवीन फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस, लोहे का पाइप और मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए तकनीकी साक्ष्य, कॉल डिटेल और स्थानीय जानकारियों के आधार पर जांच की गई, जिसके बाद साजिश का पदार्फाश हुआ।

## दो लाख से ज्यादा पात्र लाभार्थी अब भी वंचित, 542 राशन दुकानों पर बनेगा गोल्डन कार्ड

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की रफ्तार बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई रणनीति अपनाई है। अब राशन डीलरों की मदद से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। जिले की राशन दुकानों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेंगे और राशन लेने आने वाले पात्र लाभार्थियों के दस्तावेज व सूची में नाम की जांच कर उनके गोल्डन कार्ड तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को निजी और सरकारी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का निशुल्क और कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। जिले में इस योजना के अंतर्गत कुल 93 अस्पताल पैनल पर पंजीकृत हैं, जिनमें आठ सरकारी और 85 निजी अस्पताल शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य 8.94 लाख लाभार्थियों का है, लेकिन अब तक केवल 5.71 लाख लोगों के ही कार्ड बन पाए हैं। ऐसे में करीब दो लाख से अधिक पात्र लाभार्थी अब भी योजना के लाभ से वंचित हैं। कार्ड न होने के कारण उन्हें मुफ्त इलाज जैसी अहम सुविधा नहीं मिल पा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कई लाभार्थियों के जिले से बाहर चले जाने, जानकारी के अभाव और जागरूकता की कमी के चलते लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। इसी को ध्यान में रखते हुए अब जिले के 542 राशन डीलरों को इस अभियान से जोड़ा गया है। राशन वितरण के दौरान ही लोगों को आयुष्मान योजना के प्रति जागरूक किया जाएगा और मौके पर ही कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि आयुष्मान योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए उनके कार्ड बनना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अब राशन डीलरों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जाएगा।

